52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 21.0 °c | अधिकतम 25.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:03 सूर्यास्त : 6:25 | वर्ष : 52/ अंक : 255 | शनिवार, 14 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

जीवन में बुरे लोगों का आना बहुत जरूरी है, क्योंकि वही लोग हमें अच्छा सबक सिखाकर जाते हैं।

केजरीवाल बरी नहीं हुए, पहले जेल में थे अब बेल पर हैं : अनिल विज

वो शोर मचाते हैं और ढोल बजाते हैं..... कुछ लोग जमानत ही का जश्न मनाते हैं.....

दस लोगों सहित स्व. महेन्द्र सिंह टिकैत के भी वारंट जारी

- सन 2007 में कांधला में गुर्जर आरक्षण को लेकर किया था धरना प्रदर्शन
- कोर्ट में पुलिस द्वारा मृत्यु प्रमाण-पत्र दाखिल नहीं करने पर हुआ वारंट जारी

कैराना, 13 सितम्बर (बु.)। कैराना की अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट की और से जनपद मुजफ्फरनगर की पुलिस को किसान यूनियन के संस्थापक स्व. महेंद्र सिंह टिकैत का गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। इतना ही नहीं इसमें मनीष उर्फ मोनू भाजपा नेता का भी वारंट है, जबकि उक्त मुकदमे में दस लोगों के नाम शामिल हैं, जिनमें सभी आरोपितों को वारंट जारी कर पेश करने का फरमान कोर्ट ने सुनाया है। इस बीच पुलिस आज भी कोर्ट में मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं पेश कर पाई।



स्व. महेन्द्र सिंह टिकैत का फाइल फोटो

मामला सन 2007 का है कि थाना कांधला के गांव खंद्रावली रेलवे स्टेशन के निकट पुलिस चौकी के पास राजस्थान में चल रहे गुर्जर आरक्षण को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था। वहीं लोगों ने सड़क को भी जाम कर दिया था। वाहनों में भी तोड़फोड़ की घटना हुई थी। उक्त प्रकरण में कांधला थाने में तैनात अतर सिंह कि और से 100 से 150 अज्ञात लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। धरना-प्रदर्शन में अधिकारियों को एक ज्ञापन भी दिया गया था। पुलिस ने उक्त प्रकरण में बीस लोगों को नामजद किया था, जिनमें भाकियू संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत और सपा नेता मनीष उर्फ मोनू चौहान सहित बीस को नामजद किया था। हालाकि उक्त प्रकरण की जांच एसएसपी के आदेश पर जनपद मुजफ्फरनगर थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा की गई थी। बाद में मामले में पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र लगाते हुए, चार्जशीट दाखिल कर दी थी, तभी से यह मामला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में विचाराधीन है। अब कोर्ट ने महेंद्र सिंह टिकैत सहित सभी आरोपियों के गैर जमानती वारंट जारी कर दिए, लेकिन बात की जाए तो भाकियू संस्थापाक महेंद्र सिंह को पुलिस कहा से तलाश कर लाए, जबकि संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत की मौत 13 साल पूर्व हो चुकी है। अब शुक्रवार को उक्त प्रकरण में सुनवाई हुई यहां सुनवाई के दौरान देर शाम तक भी पुलिस ने महेंद्र सिंह टिकैत के मृत्यु प्रमाण पत्र कि रिपोर्ट ना तो अब दाखिल की और ना ही पहले की जिस वजह से महेंद्र सिंह टिकैत का वारंट जारी हुआ, वहीं उक्त घटना में दस आरोपियों, जिनमें भाजपा नेता एवम पूर्व जिला

शेष - पृष्ठ-4 पर

बड़े बड़े आंदोलन से जाने जाते थे महेंद्र सिंह टिकैत

कैराना, 13 सितम्बर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक व किसानों के मसीहा स्व. चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत अपने जीवन काल में बड़े-बड़े आंदोलन कर अपनी मांग सरकार से मनवाते थे, जिसके लिए वह जाने जाते रहे हैं। स्व. महेंद्र सिंह टिकैत की अगुवाई में कई ऐतिहासिक आंदोलन भी हुए। कई बार धरना प्रदर्शन को लेकर स्व. महेंद्र सिंह टिकैत के खिलाफ मुकदमे भी दर्ज होते रहे। उसी में से यह भी कांधला थाना क्षेत्र का एक प्रकरण था, जो सन 2007 में तब मुजफ्फरनगर अब शामली जिले के कांधला थाने पर मनीष उर्फ मोनू तथा महेंद्र सिंह टिकैत के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 265/ 2007 धारा 147, 341 आईपीसी की तहत दर्ज हुआ था। बात करें तो पहले जनपद शामली भी जनपद मुजफ्फरनगर का हिस्सा हुआ करता था, अब शामली अलग से जनपद है। उक्त प्रकरण को लेकर आज कोर्ट परिसर में भी लोग नजर बनाए रहे।

दो आरोपियों की जमानत हुई मंजूर

कैराना। सन 2007 में कांधला में हुए धरना प्रदर्शन के मामले में दो आरोपियों ने सरेंडर कर दिया। हालाकि दोनों को जमानत कोर्ट ने दे दी है। उक्त प्रकरण में कोर्ट ने जहां दस आरोपियों को गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। वहीं कोर्ट में शुक्रवार को तारीख के चलते दो आरोपियों ने सरेंडर किया हैं, जिनमें ईश्वर और मेनपाल है। वहीं कोर्ट ने पत्रावली को देखते हुए उनको जमानत याचिका पर अपना फैसला सुनाया और जमानत मंजूर कर दी।

ओलंपिक पदक विजेता जिले की बेटी प्रीति का भव्य स्वागत

- यूपी गेट से गांव तक एथलीट के काफिले पर बरसे फूल
- पेरिस पैरालंपिक में जीते देश के लिए दो कांस्य पदक
- मंत्री कपिल देव ने कूकड़ा में किया एथलीट का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। पेरिस में संपन्न पैरालंपिक गेम्स में दो कांस्य पदक जीतकर वापस लौटी मुजफ्फरनगर जनपद की बेटी भारतीय एथलीट प्रीति पाल का यूपी गेट से उनके पैतृक गांव तक लोगों ने फूलों की बारिश कर इस बेटी का स्वागत किया। अपने ऐतिहासिक स्वागत से प्रीति पाल व उनके परिजन अभिभूत दिखाई दिए। नगर के हृदयस्थल शिवचौक पर पहुंचने पर प्रीति ने परिजनों के साथ भगवान भोले को माथा टेककर आशीर्वाद भी लिया। कूकड़ा क्षेत्र में भारतीय खिलाड़ी के पहुंचने पर सरकार के मंत्री व नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ देकर एथलीट को प्रोत्साहित किया।

पेरिस में संपन्न पैरा ओलंपिक गेम्स में मुजफ्फरनगर जनपद की मीरांपुर क्षेत्र के गांव हासमपुर के एक साधारण किसान परिवार की बेटी प्रीति पाल ने बेहतर प्रदर्शन के साथ देश के साथ ही जिले का गौरव बढ़ाया। प्रीति ने ट्रैक स्पर्धा की 100 मीटर (टी-35) कैटेगरी रेस में भारतीय एथलीट टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीतते ही पैरा ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई। इसके बाद अगले मुकाबले में प्रीति पाल ने 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन को दोहराते हुए लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतकर रिकॉर्ड बनाया। प्रीति पाल के प्रदर्शन के बाद से जिले में हर्ष का माहौल बना है। अखिल भारतीय पाल महासभा ने प्रीति पाल के जनपद आगमन पर भव्य स्वागत का ऐलान करते हुए शुक्रवार को जिलाध्यक्ष शिव कुमार पाल, अमरनाथ पाल आदि के नेतृत्व में दिल्ली से मुजफ्फरनगर आगमन पर एक यादगार स्वागत किया गया। प्रीति पाल के

शेष - पृष्ठ-4 पर

पूरे दिन उड़ती रही इस मामले में हंसी, लोग बोले गिरफ्तार करने के लिए स्वर्ग ही जाना पड़ेगा

कैराना। किसानों के मसीहा चौ. महेन्द्र सिंह टिकैत के गिरफ्तारी वारंट के मामले में जैसे ही यह समाचार सोशल मीडिया पर चला तो लोगों ने पुलिस की चर्चा जमकर की कि ऐसी चूक भी भारत की पुलिस ही कर सकती है। जिस व्यक्ति का स्वर्गवास हुए 13 साल हो चुके हैं, शामली जनपद की पुलिस को इतने विख्यात व्यक्तित्व के बारे में जानकारी ही नहीं है। इस मामले की हंसी उड़ाते हुए लोगों ने खूब चटकारे लिए और उससे भी बड़ी बात यह रही कि भौराकलां पुलिस सिसौली टिकैत आवास पर उनके वारंट तामील कराने के लिए घर तक भी अपनी औपचारिकता पूरी करने के लिए पहुंची। इससे ज्यादा हास्यास्पद स्थिति भारतीय पुलिस की आखिर क्या हो सकती है।

जूस के साथ आमिर लोगों को पिला रहा था मूत्र, भीड़ ने की जमकर मंझाई

गाजियाबाद, 13 सितम्बर (बु.)। जैसा कि पहले भी कई बार हो चुका है, शुक्रवार को मूत्र पिलाने का ताजा मामला फिर एक बार सामने आया है। गुस्साये लोगों ने जमकर आमिर की कर दी मंझाई। कुछ लोग अपनी कौम को अपने आप ही बदनाम करने में लगे हुए हैं। कोरोना काल से देश में रोटी पर थूकने, सब्जी पर मूत्र डालने के मामले जमकर सामने आ रहे हैं। इसी का विरोध करते हुए यशवीर महाराज ने कांवड़ के दौरान भी यही ऐलान किया था कि ऐसे असामाजिक तत्वों से सावधान होकर खाद्य पदार्थ खरीदें और दुकानों के नाम बदलवाए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नाम बदलने के आदेशों पर रोक लगा दी थी, मगर शुक्रवार को फिर ऐसा ही एक शर्मनाक मामला सामने आया, जहां गाजियाबाद में जूस बेचने का काम करने वाले आमिर को जूस में मूत्र मिलाकर बेचते हुए पकड़ लिया। लोगों को जब पता लगा तो गुस्साए लोगों ने जमकर आमिर की मंझाई की। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आमिर को गिरफ्तार कर लिया। आमिर ने लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में इंदिरापुरी पुलिस चौकी के नजदीक चला रखी इस दुकान का नाम खुशी जूस एंड शेक के नाम से रखा हुआ था। पुलिस ने जांच के बाद दुकान के अंदर से यूरिन बरामद किया तथा संचालक आमिर ने भीड़ के सामने जूस में पेशाब मिलाने की बात भी स्वीकार की। एसीपी भास्कर ने बताया कि आम जनता द्वारा उन्हें इस बात की सूचना मिली, जिस पर छापामारी के दौरान एक लौटर मानव मूत्र बरामद किया गया है। आमिर सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

आफत बनी बारिश, मकान गिरने से एक की मौत

- शहर से गांवों तक पानी और कीचड़ से हालात बिगड़े
- लगातार बारिश के चलते बाजारों में फैला सन्नाटा

मुजफ्फरनगर, 13 सितंबर (बु.)। दूसरे दिन भी लगातार बारिश जारी रहने से जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। कल से शुरू हुआ बारिश का दौर रात में भी जारी रहा और आज पूरा दिन कभी कम तो कभी तेज बौछारों ने जिंदगी को जैसे थाम दिया। इस बीच जलभराव और कीचड़ से जहां लोग त्रस्त हैं, वहीं ककरौली क्षेत्र में एक मकान गिर जाने से एक मजदूर की मौत हो गई। इसके अलावा बुढ़ाना व जानसठ में भी बारिश के कारण हादसों में कई लोग घायल हुए हैं। बारिश के बाद आज भी बाजार में रौनक पूरी तरह गायब रही और तमाम स्थानों पर पानी भरा होने और कीचड़ में मजबूरी में बाहर निकले लोगों को भीगते हुए काम निपटाने पड़े। चाट और पटरी बाजार तो बारिश में चौपट हो गया। नगर में आज तापमान अधिकतम 25.0 व न्यूनतम 21.0 डिग्री रहा और 53.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इसे मिलाकर 77 मिमी बारिश के बाद लोग त्राहिमाम करते नजर आए। लंबे समय बारिश की राह देख रहे लोगों को दो दिन में ही बारिश ने छका दिया। दो दिन से रात और दिन लगातार चल रही बारिश के कारण जिंदगी हलकान होकर रह गई। दो दिनों से आसमान से लगातार टपक रही बूंदों ने आम आदमी को त्रस्त करके रख दिया। इसके चलते शहर से लेकर गांव तक तमाम जगह पानी के जमाव और कीचड़ से रास्तों पर निकलना दूभर हो गया। हालांकि बारिश की गति धीमी होने के कारण बहुत अधिक जलभराव की स्थिति तो पैदा नहीं हुई, लेकिन कोई घर ऐसा नहीं बचा जहां सड़कों से कीचड़ भरे पैर ना पहुंचे हों। आज सुबह से बारिश का सिलसिला लगातार जारी रहने के बाद बाजारों में लोग कम निकले। ऐसे में बाजार ठंडे रहे। चाट बाजार और पटरी बाजार तो पूरी तरह बारिश की भेंट चढ़ गये। बारिश गरीबों के लिए मुसीबत बनकर आई। इसके चलते तमाम कच्चे घरों में पानी टपकने से लोग बेहाल नजर आए। बारिश के बीच ककरौली के जटवाड़ा में मकान गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई। दूसरी ओर बुढ़ाना के मंदवाडा में भी दो मकान गिरने से पिता व पुत्री और पशुओं के घायल होने के बाद मुसीबत से गरीब परिवार जूझते रहे। जानसठ में भी एक मकान की दीवार गिरने की खबर है, हालांकि इससे कोई नुकसान नहीं हुआ। मौसम विभाग का कहना है कि अब मानसून ट्रफ भी दिल्ली के पास से खिसककर दिल्ली से उत्तर की ओर वेस्ट यूपी और उत्तराखंड की तलहटी के पास चली जाएगी। रात भर हुई बारिश ने हवा में काफी नमी छोड़ दी है। जिससे राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहेंगे। शनिवार को एक-दो जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। दिल्ली और एनसीआर में सप्ताहांत में शनिवार और रविवार को बारिश को लेकर कोई समस्या नहीं होगी। यहां तक कि इन दो दिनों में धूप निकलने की संभावना है। साथ ही तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे मौसम उमस भरा ही रहेगा। दिल्ली व एनसीआर में कम से कम अगले एक सप्ताह तक कोई भारी मौसम की स्थिति देखने को नहीं मिलेगी।

मंत्री के मनाने पर मान गए सत्य प्रकाश रेशू अब नहीं करेंगे पलायन

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। दिन निकलते ही नगर की प्रसिद्ध विज्ञापन कम्पनी के मालिक सत्य प्रकाश रेशू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पहले राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के खिलाफ तरह तरह के आरोप लगाए। एजेंसी से जुड़े मामले में उन्होंने खुलकर बताया कि कहां कहां उनके टेंण्डर निरस्त कराये गए थे, मगर बाद में जब उक्त वीडियो नगर के संभ्रान्त लोगों के बीच पहुंची तो समझाने बुझाने का काम शुरू हुआ और देर शाम सत्य प्रकाश रेशू को समझाने में सफलता हासिल हो गयी। शाम को नगर के प्रमुख व्यवसाई सुरेन्द्र अग्रवाल के निवास पर कुंज बिहारी अग्रवाल, पवन गोयल, प्रमोद मित्तल, ललित अग्रवाल, अंकुर गर्ग, जय प्रकाश गर्ग, विपुल भटनागर, शोभित गर्ग की मौजूदगी में विज्ञापन एजेंसी के मालिक को समझाने के बाद उन्होंने खुद अपना वीडियो जारी किया और बताया कि कपिल देव अग्रवाल द्वारा उत्पीड़न व शोषण की बात को वे वापस लेते हैं और निकट भविष्य में उनके कांधे से कांधा मिलाकर साथ चलेंगे। उन्होंनें कहा कि अब वे नगर से पलायन नहीं करेंगे, जोश में कहे गए शब्दों को अब वे वापस ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले से ही वे उनके साथ रहे हैं, हालात जो भी रहे हों, चुनाव के समय में भी उन्होने तन, मन, धन समर्पित करके उनके हक में काम किया है। अब मनमुटाव समाप्त हुआ और आगे फिर उसी तरह का माहौल रहेगा, जैसा कि पहले था। संभ्रान्त नागरिकों ने कपिल देव अग्रवाल व सत्य प्रकाश रेशू को बधाई देते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

दहेज में नहीं मिली बुलेट, तो दे दिया तीन तलाक

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। खालापार क्षेत्र के मौहल्ला जामियानगर निवासी मौहम्मद दिलशाद ने पिछले वर्ष 2023 जून में अपनी बेटी फरहीन की शादी जामियानगर के ही रहने वाले रिहान से की थी। आरोप है कि शादी में विधि विधान से दहेज दिया गया था। मगर बावजूद उसके शादी के कुछ माह बाद से ही बेटी का उत्पीड़न कर लगातार उससे अतिरिक्त दहेज के रूप में बुलेट की मांग की जा रही है। कई बार उक्त मामले में समाने बुाने के बाद जैसे कैसे उसकी बेटी फरहीन ससुराल में रहकर ही निभान करती रही। 27 मार्च को बेटी फरहीन ने एक बेटे को जन्म दिया था। उसके बाद उनकी बेटी पति के साथ सूजडू में अलग से मकान किराये पर लेकर रहने लगी। आरोप है कि विगत तीन सितम्बर को ससुराल पक्ष में फिर दहेज में बुलेट की मांग की तथा मांग पूरी नहीं होने पर पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद पति रिहान, सास सीमा, ससुर राशिद समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बारिश का सितम, मकान गिरने से मजदूर की मौत

भोपा, 13 सितम्बर (बु.)। लगातार हो रही बारिश के दौरान जटवाड़ा गांव में आधीरात को कच्चे मकान की छत गिर गयी, जिसके नीचे सो रहा मजदूर दबकर घायल हो गया। काफी मशक्कत के बाद घायल को मलबे से बाहर निकाला गया। घायल को जानसठ अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। आठ बच्चों के पिता की मौत से परिवार में मातम छा गया है। ग्रामीणों ने मजदूर परिवार के लिये सहायता की मांग प्रशासन से की है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जटवाड़ा में ताहिर पुत्र खुर्शेद 39 वर्ष गुरुवार की रात अपने कच्चे मकान में सो रहा था। पत्नी फुरकाना रसोई में सो रही थी व बच्चे चाचा के मकान में सो रहे थे। तेज बारिश के दौरान आधी रात 2 बजे के बाद अचानक तेज आवाज के साथ मकान की छत गिर गयी, जिसके नीचे ताहिर भी दब गया। मकान गिर जाने व पत्नी के पुकारने की आवाज सुनकर ग्रामीण फुरकान, दिलदार, हनीफ, अहमद, कय्यूम, शब्बू, जब्बार, नईम, नदीम, पप्पू, अकरम उमर आदि पहुंच गये तथा कड़ी मशक्कत के बाद मिट्टी के मलबे को हटाकर घायल ताहिर को बाहर निकाला। ताहिर को तहसील मुख्यालय कस्बा जानसठ स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक नोवेन्द्र सिंह सिरोही ने घटना की जानकारी की जहां पीड़ित परिवार ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। ताहिर की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी फुरकाना व पुत्र तैयब 20 वर्ष साहिल, कैफ, जुनैद, उवैस व पुत्री अलतशा, आतिफा सहित डेढ़ वर्षीय पुत्र उजेफ को छोड़ गया है। ग्राम प्रधान नवाब अली, सुलेमान व ग्रामीणों ने मृतक मजदूर परिवार के लिये आर्थिक सहायता की मांग प्रशासन से की है। जुमे की नमाज के उपरांत मृतक को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार अजय कुमार ने बताया कि एक लाख बीस हजार रुपये आवास के लिये व शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत चार लाख के मुआवजे का प्रावधान है, किंतु परिजनों द्वारा शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है।

छत गिरने से दो मासूमों की मौत

मेरठ, 13 सितंबर (एजेंसी)। पश्चिमी यूपी में दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच बहसूमा थानाक्षेत्र में क्षेत्र के गांव मोड खुर्द में शुक्रवार को मकान की छत गिरने से परिवार दब गया। हादसे में डेढ़ साल की मासूम इनाया और चार वर्ष के बिलाल की मौके पर मौत हो गई। हादसे में मृतक बिलाल का भाई जुनैद (7) वह उनकी मां रुखसार गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर रूप से घायलों को मवाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

मंडी मस्जिद विवाद: गिराना पड़ेगा अवैध निर्माण

मंडी, 13 सितंबर (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के मंडी में जेल रोड मस्जिद मामले पर नगर निगम के आयुक्त कोर्ट ने शुक्रवार को अंतिम फैसला सुना दिया। एमसी मंडी आयुक्त एचएच राणा ने कहा कि मस्जिद के अवैध ढांचे को 30 दिन के भीतर पुराने स्वरूप में लाना होगा। आयुक्त कोर्ट ने माना कि मुस्लिम वेलफेयर कम्युनिटी को पर्याप्त समय देने के उपरांत जब अनुकूल परिणाम सामने नहीं आए तो एचपीटीसीपी अधिनियम 31 (1) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए उल्लंघनकताओं को विवादित स्थान को उसके मूलस्वरूप जैसा कि निर्माण से पहले का था, में 30 दिनों के भीतर लाने का आदेश पारित किया गया। इस दौरान दर्ज वातार्लाप में उल्लंघनकताओं ने उक्त स्थान को उसके पूर्व स्थिति में लाने के लिए अपनी वचनबद्धता दोहराई। साथ ही पूरी प्रक्रिया को अपनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। ऐसे में मुस्लिम वेलफेयर कम्युनिटी को बिना नक्शा पास करवाए किए अवैध निर्माण ढांचे को गिराना पड़ेगा। बता दें कि मामले को लेकर उल्लंघनकर्ताओं को गलतियों को सुधारने के लिए अक्तूबर 2023 से अक्तूबर 2024 का पर्याप्त समय दिया गया था। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान मुस्लिम वेलफेयर कम्युनिटी की तरफ से प्रधान और दो वकील पेश हुए। अक्तूबर 2023 में धनश्याम पुत्र टोडरमल ने निगम को पत्र लिखकर मस्जिद के अवैध निर्माण की जानकारी दी। निगम ने मौके पर पहुंच तथ्यों की जांच की तो पाया कि निर्माण कार्य किया जा रहा है। तब मस्जिद के पदाधिकारियों ने बताया था कि जून-जुलाई में हुई भारी बरसात के कारण मस्जिद का कुछ हिस्सा गिर गया था, जिसे ठीक कर रहे हैं। इस पर निगम ने निर्माण से पूर्व नक्शे की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए कहा लेकिन उन्होंने लंबे समय तक जमा नहीं करवाया।

संजौली मस्जिद विवाद में पूर्व महापौर समेत 43 लोगों पर एफआईआर

शिमला, 13 सितंबर (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में संजौली मस्जिद विवाद मामले में धारा 163 लागू होने के बावजूद हजारों की संख्या में एकत्र होकर प्रदर्शन करने पर पुलिस ने चार एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस ने मामले में शिमला एमसी की पूर्व मेयर समेत 43 लोगों को आरोपी बनाया है। इन पर गैर कानूनी तरीके से प्रदर्शन करने, पुलिस कर्मियों पर हमला कर उन्हें घायल करने, विशेष समुदाय के खिलाफ लोगों को उकसाने का आरोप है। पुलिस ने संजौली बाजार में हुए प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों की ओर से की गई पत्थरबाजी का वीडियो जारी किया है। इस आधार पर पुलिस पत्थरबाजी करने वालों की पहचान कर रही है। पुलिस के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला किया। इसके बाद पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बल प्रयोग किया। एसपी शिमला संजीव कुमार गांधी ने कहा कि गैर कानूनी तरीके से प्रदर्शन करने, पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की गहनता से जांच कर रही है। ऐसे में केस में और लोगों के नाम शामिल हो सकते हैं।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल हुए कोर्ट में पेश

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। वर्ष 2022 में रामलीला टिल्ला पर जनसभा करने के मामले में पुलिस द्वारा दर्ज किये गये आचार संहिता उल्लंघन व महामारी अधिनियम के मामले में गैर जमानती वारंट होने के बाद शुक्रवार को राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल कोर्ट में पेश हो गये। कोर्ट ने अगली तिथि 27 सितम्बर नियत करते हुए 25-25 हजार रुपये के दो जमानती दाखिल करने के बाद उन्हें रिहा कर दिया। आपको बता दें कि वर्ष 2022 में शहर कोतवाली क्षेत्र के रामलीला टिल्ला में विधानसभा चुनाव के दौरान एक जनसभा का आयोजन किया गया था। उस समय कपिल देव अग्रवाल भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना प्रचार कर रहे थे। उक्त मामले में 40 लोगों के खिलाफ पुलिस में महामारी व आचार संहिता उल्लंघन में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उक्त मामले में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सचिन, राधे वर्मा सहित छह लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। उक्त मामले की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट में चल रही है। तीस जुलाई को कोर्ट में पेश न होने के बाद राज्यमंत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गये थे। उक्त मामले में आज 13 सितम्बर शुक्रवार को राज्यमंत्री कपिल देव कोर्ट में पेश हुए, जिसमें दोनों पक्षों में बहस हुई। बचाव पक्ष में आये वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद गुप्ता ने बताया कि 25-25 हजार रुपये के जमानती दाखिल करने के बाद मंत्री कपिल देव अग्रवाल को रिहा कर दिया गया। मुकदमे की अगली सुनवाई 27 सितम्बर को होनी तय हुई है।

आज मीरापुर आयेंगे पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा 14 सितम्बर यानि आज मीरापुर में ओजस्वी शिक्षक सम्मान समारोह में भाग लेंगे। कार्यक्रम के संयोजक दीपक कृष्णात्रेय ने बताया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री 12 बजे ग्रेंड शहनाई बैंकेट हॉल मीरापुर बाईपास पर पहुंचेगे तथा वहां ओजस्वी शिक्षक सम्मान समारोह में सहभागिता के बाद शिवशक्ति कॉलोनी स्थित उनके आवास पर भी पहुंचेंगे। डॉ. शर्मा 1:40 मिनट पर कार द्वारा दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगे।

स्कूल खुल गए तब आये बीएसए के बारिश में छुट्टी के आदेश

- अब तीन दिन तक रहेगा स्कूलों में अवकाश

मुजफ्फरनगर, 13 सितंबर (बु.)। जिले का प्रशासन कितना चुस्त है, इसका एक नजारा आज उस समय देखने को मिला जब कल से जारी बारिश के चलते आज बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आठवीं तक के स्कूलों में अवकाश का ऐलान तो किया, लेकिन तब तक स्कूल खुल चुके थे और भीगते भागते बच्चे स्कूल पहुंच चुके थे। कल से चल रही बारिश और मौसम विभाग के अलर्ट के बाद यूपी के तमाम जिलों में प्रशासन ने स्कूलों में अवकाश का ऐलान कर दिया था। जिले में भी कल से लगातार बारिश बीती रात और आज भी बारिश चली। ऐसे में काफी कम बच्चे स्कूलों में पहुंच पाए। हालांकि स्कूल खुलने के बाद बीएसए को इस बात की सुध आई कि जिले में कई स्कूल भवन जर्जर अवस्था में हैं और इसके कारण बारिश से हादसा हो सकता है। उन्होंने करीब नौ बजे इस आशय के आदेश जारी किए कि मुजफ्फरनगर में आठवीं कक्षा तक तमाम स्कूलों में अवकाश रहेगा। तब तक स्कूल खुल चुके थे और बारिश में भीगते हुए बच्चे स्कूल पहुंच चुके थे। ऐसे में सरकारी आदेश के बाद आनन फानन में स्कूलों में अवकाश किया गया तो बच्चे फिर से भीगते हुए वापस लौटे। हालांकि शनिवार को सैकेंड सटरडे होने के कारण अवकाश है। इसके बाद रविवार और उसके उपरांत सोमवार को ईदे मिलादुल नबी का अवकाश रहेगा। इसके चलते तीन दिन अवकाश रहेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने अरविन्द केजरीवाल को दी जमानत

नयी दिल्ली, 13 सितंबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए शुक्रवार को सशर्त जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने श्री केजरीवाल की याचिका पर उन्हें यह राहत दी। दोनों न्यायाधीशों ने मुख्यमंत्री को 10 लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के दो जमानती बॉंड पर रिहा करने का आदेश दिया। सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर हालांकि, दोनों न्यायाधीशों ने अलग-अलग फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति कांत ने सीबीआई की ओर से की गई श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी को न्यायोचित करार दिया, जबकि न्यायमूर्ति भुइयां ने गिरफ्तारी को गैर जरूरी बताया। न्यायमूर्ति भुइयां ने याचिकाकर्ता की इस दलील को स्वीकार किया कि धन शोधन मामले में उनकी जमानत को विफल करने के लिए सीबीआई ने एक प्रकार से 'पहले से तय' गिरफ्तारी की थी। श्री केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित सीबीआई के मुकदमे में जमानत की मांग और इसी मामले में गिरफ्तारी को अलग-अलग याचिकाओं के जरिये शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 13 सितंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 14 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1752:ब्रिटेन और ब्रिटिश साम्राज्य ने आधिकारिक तौर पर ग्रेगोरियन कैलेंडर को अपनाया। 1770:डेनमार्क में प्रेस की स्वतंत्रता को मान्यता मिली। 1833:विलियम वेंटिक, पहले गवर्नर जनरल बनकर भारत आए। 1901:अमेरिकी राष्ट्रपति विलियम मैकेंजी की गोली मारकर हत्या। 1917:रूस को आधिकारिक तौर पर गणतंत्र घोषित किया गया। 1923 भूतपूर्व केंद्रीय कानून मंत्री और अधिवक्ता राम जेठमलानी का जन्म। 1949:संविधान सभा ने हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया। 1959:सोवियत संघ का अंतरिक्ष यान पहली बार चंद्रमा की सतह पर उतरा। 1960:खनिज तेल उत्पादक देशों ने मिलकर ओपेक की स्थापना की। 1998:माइक्रोसॉफ्ट, जनरल इलेक्ट्रिक को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बनी। 2000:माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज एम.ई. लांच किया। 2000:प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अमेरिकी सीनेट के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित किया। 2001:अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को पकड़ने के अभियान के लिए अमेरिका में 40 अरब डॉलर मंजूर किए गए। 2007:जापान ने तानेगाशिया स्थित प्रक्षेपण केन्द्र से पहला चन्द्र उपग्रह एच-2ए प्रक्षेपित किया। 2008:रूस के पेर्म हवाई अड्डे पर एअरोफ्लोत का विमान दुर्घटनाग्रस्त। विमान में सवार सभी 88 लोगों की मौत। 2009: भारत ने श्रीलंका को 46 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज का कॉम्पैक कप जीता। 2009:भारत के लिएण्डर पेस और चेक गणराज्य के लुकास लोही ने महेश भूपति और मार्क नोल्स की जोड़ी को हराकर यू. एस. ओपन के पुरुष युगल का खिताब जीता। 2011:तमिलनाडु में एक यात्री ट्रेन के ट्रैक पर खड़ी ट्रेन से टकरा जाने से 10 लोगों की मौत, 70 अन्य घायल। 2016:पैरा ओलंपिक 2016 में भारत के अब तक कुल 4 पदक हुए। 2023:जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सेना के राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर (कर्नल) मनप्रीत सिंह, कंपनी कमांडर (मेजर) आशीष धोंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस में डीएसपी हुमायूं भट शहीद हुए।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	74250	चांदी-	86600
सिक्का-	96000	गिन्नी-	55410

आपका आज का राशिफल

शनिवार, 14 सितम्बर, 2024

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विमर्श, राजनैतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, महत्वपूर्ण उपलब्धि।

वृषभ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आशा की पूर्ति, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने को, नवसम्पर्क लाभदायी।

मिथुन- समय प्रतिकूल, धन का अभाव, योजना अधूरी, आपसी सम्बन्धों में तनाव, मानसिक उलझनों में वृद्धि, व्यावसायिक उन्नति में अड़चनें, यात्रा सुखद।

कर्क- दिनचर्या व्यवस्थित, आरोग्य सुख, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, कठिनाइयों में कमी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, जनकल्याण की भावना जागृत।

सिंह- स्वास्थ्य में सुधार, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, हर्ष भी।

कन्या- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, किसी योजना का श्रीगणेश, समस्या का हल, शिक्षा व प्रतियोगिता में सफलता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

तुला- कार्य-व्यवसाय में असफलता, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, शंका-कुशंका से मतभेद, मानसिक अशांति, आय की तुलना में व्यय की अधिकता।

वृश्चिक- साहसिक प्रयास प्रगति पर, इच्छित पद की प्राप्ति, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, आपसी सम्बन्ध मधुर, बकाए धन की प्राप्ति, सुसमाचार से खुशी।

धनु- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, दूसरों के आश्वासनों से राहत, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व की पूर्ति, संतानपक्ष का उत्कर्ष, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग।

मकर- आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, बकाए धन की वसूली।

कुम्भ- सफलता में संदेह, लाभ में कमी, मित्रों से मनमुटाव, शत्रु सक्रिय, अकेलेपन की अनुभूति, आर्थिक हानि, आलस्य की अधिकता, व्यवहार से दूसरों को कष्ट।

मीन- समय संतोषजनक, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में प्रियजन सहायक, जनकल्याण की भावना जागृत, यात्रा।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

केजरीवाल को मुख्यमंत्री कार्यालय जाने और फाइलों पर हस्ताक्षर करने से सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक, सीबीआई पर नहीं करेंगे टिप्पणी

नई दिल्ली, 13 सितंबर (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देते हुए कई शर्तें लगाईं और कहा कि वह अपने कार्यालय नहीं जा सकते और उससे संबंधित फाइलों पर उन्हें हस्ताक्षर की इजाजत नहीं होगी।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में श्री केजरीवाल को एकमत से जमानत तो दे दी, लेकिन अलग-अलग फैसले लिखे। शीर्ष अदालत ने श्री केजरीवाल को 10 लाख रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के दो जमानतदारों के मुचलके के अलावा और भी कई शर्तें लगाईं। न्यायमूर्ति कांत ने अपने आदेश में लिखा कि मामला अधीनस्थ अदालत के समक्ष विचाराधीन होने के कारण श्री केजरीवाल सीबीआई मुकदमे की योग्यता पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करेंगे। न्यायमूर्ति कांत ने लिखा कि (आबकारी नीति विवाद से

संबंधित) प्रवर्तन निदेशालय के मामले में समन्वय पीठ द्वारा लगाए गए (जमानत के लिए) नियम और शर्तें, जिनमें यह भी शामिल है कि मुख्यमंत्री अपने कार्यालय नहीं जा सकते और फाइलों पर हस्ताक्षर भी नहीं कर सकते, इस मामले में भी लागू होंगी। न्यायमूर्ति भुइयां ने लिखा कि हालांकि मुझे उन धाराओं पर गंभीर आपत्ति है, जो अपीलकर्ता को मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय में प्रवेश करने से रोकती हैं, साथ ही न्यायिक अनुशासन को ध्यान में रखते हुए फाइलों पर हस्ताक्षर करने से रोकती हैं, मैं इस स्तर पर अपने विचार व्यक्त करने से परहेज करूंगा, क्योंकि ये शर्तें इस अदालत के दो न्यायाधीशों की पीठ द्वारा अलग ईडी मामले में लगाई गई हैं।

शीर्ष अदालत ने इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामले में श्री केजरीवाल को 12 जुलाई को सशर्त जमानत दी थी। दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 (जो विवाद के बाद रद्द कर दी गई) में कथित और नियमितताओं के मामले में ईडी ने 21 मार्च और सीबीआई में 26 जून 2024 को मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की गिरफ्तारी के समय श्री केजरीवाला ईडी के मुकदमे में न्यायिक हिरासत में थे। सीबीआई ने ईडी के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में बंद श्री केजरीवाल को विशेष अदालत की अनुमति के बाद 25 जून को पूछताछ की और 26 जून को गिरफ्तार किया था।

विधायक देवेन्द्र निम के निर्माण कार्य के भुगतान पर रोक, प्रमुख सचिव तलब

सहारनपुर, 13 सितंबर (वार्ता)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रामपुर मनिहारान सुरक्षित सीट के विधायक देवेंद्र निम की मां पद्मलता निम पत्नी की फर्म द्वारा पिछले आठ-नौ सालों में कराए गए निर्माण कार्यों के करीब आठ करोड़ के भुगतान पर रोक लगा दी है। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए प्रदेश के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को चार नवंबर को अगली सुनवाई पर कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं। इस फैसले से सहारनपुर के स्वास्थ्य विभाग और सत्तारूढ़ भाजपा में हड़कंप मचा है। पद्मलता निम के बेटे विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि अभी उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। इसलिए वह कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकते। याचिकाकर्ता अशोक पुंडीर ने शुक्रवार को जानकारी दी कि वर्ष 2017-2018 से अभी तक करोड़ों रूपयों का भुगतान हुआ है। आठ करोड़ के भुगतान पर रोक लगी है। याचिका में कहा गया है कि नवीनीकरण, मरम्मत, विस्तार और सुधार के कार्यों में लापरवाही हुई है। फर्म टेंडर की प्रक्रिया में अनियमितता बरती गई है। फर्म को ई-टेंडर प्रणाली लागू नहीं की गई। बिना अनुबंध के टेंडर दिए गए।

क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में अमेरिका जाएंगे पीएम मोदी

वाशिंगटन/नई दिल्ली, 13 सितंबर (वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन

21 सितंबर को विलमिंगटन, डेलावेयर में चौथे व्यक्तिगत क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

व्हाइट हाउस ने बताया कि श्री बाइडेन ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

व्हाइट हाउस के बयान में कहा गया है कि यह श्री बाइडेन का राष्ट्रपति के रूप में विलमिंगटन में विदेशी नेताओं की मेजबानी करने का पहला मौका होगा। बयान में कहा गया है कि यह क्वाड के प्रत्येक नेता के साथ उनके गहरे व्यक्तिगत संबंधों और हमारे सभी देशों के लिए क्वाड के महत्व का प्रतिबिंब है। बयान में कहा गया है कि बाइडेन-हैरिस प्रशासन ने 2021 में व्हाइट हाउस में पहली बार क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन से लेकर वार्षिक शिखर सम्मेलन तक क्वाड को ऊपर उठाने और संस्थागत बनाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

गौतमबुद्ध नगर के युवकों की कार खाई में गिरी, दो की मौत

देहरादून, 13, सितंबर (वार्ता)। उत्तराखंड के देहरादून जनपद में मसूरी कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक तीव्र मोड़ पर एक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने चालक सहित दो शव बरामद कर लिए हैं। जबकि चार घायलों को दून अस्पताल भेजा गया है। यह सभी उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर के रहने वाले हैं। एसडीआरएफ प्रवक्ता प्रमोद पेटवाल के अनुसार, आज सुबह करीब 5:00 बजे एक टाटा टियागो कार यूपी -46एम-6977 ऋषि आश्रम के पास, शिवालिक मैगी प्वाइंट मोड पर गहरी खाई में गिर गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस की सूचना पर तत्काल सहस्त्रधारा पोस्ट से एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम पहुंची। जहां कार में फंसे सभी 06 व्यक्तियों को खाई से बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि कार सवार नोएडा से मसूरी घूमने जा रहे थे।

हैरिस के साथ प्रेसिडेंशियल डिबेट में हिस्सा नहीं लेंगे ट्रंप

वाशिगटन, 13 सितंबर (वार्ता)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह डेमोक्रेटिक उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के खिलाफ अब राष्ट्रपति पद की किसी बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) में शामिल नहीं होंगे। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में दावा किया कि उन्होंने मंगलवार रात फिलाडेल्फिया में एबीसी न्यूज द्वारा आयोजित प्रेसिडेंशियल डिबेट में जीत हासिल की है और सुश्री हैरिस पर फॉक्स न्यूज, एनबीसी न्यूज और सीबीएस न्यूज से बहस के निमंत्रण को अस्वीकार करने का आरोप लगाया। सुश्री हैरिस ने गुरुवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मतदाताओं के प्रति हमारा दायित्व है कि हम एक और बहस करें। दोनों के बीच पहली डिबेट में भी हैरिस की अभियान टीम ने जीत का दावा किया।

अखिलेश ही हैं गठबंधन टूटने के जिम्मेदार: मायावती

लखनऊ, 13 सितम्बर (वार्ता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने दोहराया है कि 2019 के

लोकसभा चुनाव के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ गठबंधन टूटने की वजह खुद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव थे और यह उनके द्वारा दी जा रही सफाई से साबित भी होता है। सुश्री मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि लोकसभा चुनाव-2019 में यूपी में बसपा के 10 व सपा के पांच सीटों पर जीत के बाद गठबंधन टूटने के बारे में मैंने सार्वजनिक तौर पर भी यही कहा कि सपा प्रमुख ने मेरे फोन का भी जवाब देना बंद कर दिया था जिसको लेकर उनके द्वारा अब इतने साल बाद सफाई देना कितना उचित व विश्वसनीय। सोचने वाली बात। उन्होने कहा कि बीएसपी सैद्धान्तिक कारणों से गठबंधन नहीं करती है और अगर बड़े उद्देश्यों को लेकर कभी गठबंधन करती है तो फिर उसके प्रति ईमानदार भी जरूर रहती है। सपा के साथ सन 1993 व 2019 में हुए गठबंधन को निभाने का प्रयास किया गया, किन्तु 'बहुजन समाज' का हित सर्वोपरि है।

मुंबई की बहुमंजिला इमारत में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत

मुंबई, 13 सितंबर (वार्ता)। महाराष्ट्र में मुंबई उपनगर के मुलुंड इलाके में शुक्रवार को एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से एक वरिष्ठ नागरिक की मौत हो गई। दमकल विभाग के अनुसार मुलुंड इलाके में ओपल अपार्टमेंट की 16 मंजिला इमारत की नौवी मंजिला में आज दोपहर करीब 12:24 बजे लगी। आग लगने से एस.एम. आनंदी (68) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एम.टी. अस्पताल भर्ती कराने के लिए ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुँचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। विभाग ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

एसडीएम ने ईओ संग गौशाला का निरीक्षण किया

बुढ़ाना, 13 सितम्बर (बु.)। कस्बे के बड़कता रोड पर स्थित बुढ़ाना नगर पंचायत की गौशाला का शुक्रवार के दिन बारिश में ही एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार भारती द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव भी थे। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान गौशाला में हरे चारे तथा साफ सफाई के बारे में केयरटेकर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मिली जानकारी के अनुसार बूंदाबांदी के मौसम में गोवंश की देखभाल और गोशाला की व्यवस्था जांचने के लिए शुक्रवार को एसडीएम राजकुमार भारती ने पशु आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया, जिसमें एसडीएम ने गोवंश के लिए बूंदाबांदी से बचाव, हरे चारे, भूसे और पानी की व्यवस्था की जांच की। एसडीएम ने आवश्यक निर्देश देते हुए सभी पशुओं की उचित देखभाल के निर्देश दिए। गौशाला में काफी पशु मिले। एसडीएम ने गौशाला में हरा चारा तथा साफ सफाई को लेकर केयरटेकर को निर्देश दिए कि गोवंश के लिए बूंदाबांदी से बचाव के लिए टीन शेड, हरा चारा, भूसा, पानी की उचित व्यवस्था हर समय रहे। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी से भी गोवंशों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करने को कहा। इस दौरान यहां पर एसडीएम काफी देर रूके और बारीकी से व्यवस्था को परखा।

'गणपति बाप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों के साथ श्री गणपति विग्रह मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा निकली

पुरकाजी, 13 सितम्बर (बु.)। कस्बे में श्री गणपति विग्रह मूर्ति की पूजा-अर्चना के बाद विधि विधान से गंग नहर धमात पर विर्सजन किया गया। श्रद्धालु बैण्डबाजे व डीजे पर थिरकते विग्रह मूर्ति को लेकर खाईखेड़ी रोड, पुराने हाइवे, लकसर रोड होते हुए गंगनहर पहुंचे, जहां पर पं. विकुल भारद्वाज ने मंत्रोच्चारण कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद विग्रह मूर्ति विर्सजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने किया। कस्बे के मौहल्ला कानूनगोयान हिन्दू स्थित प्राचीन शिव मन्दिर से 7 सितम्बर को विग्रहमूर्ति की शोभायात्रा के साथ खाईखेड़ी रोड पर स्थापना हुई थी। वहीं मौहल्ला जाटान स्थित दूसरी श्री गणपति विग्रह मूर्ति का भी विसर्जन भी डीजे के साथ शोभायात्रा निकालकर गंगनहर धमात पर किया गया। इस दौरान आयोजन ब्रजकिशोर गुप्ता, पीयूष राणा, अर्जुन गुप्ता, दीपक कौशिक अरूण गर्ग, रक्षक मित्तल, विकास पाल, पुनीत चौधरी, पंकज शर्मा, विनीत, अनुराधा गर्ग, रेणू गुप्ता, संगीता

गोयल, अंकुर गुप्ता, ऋषभ गोयल, शिवा, वंश वर्मा, हर्षित कर्णवाल, जतिन गर्ग, यश जोशी,, रामेश्वर भटनागर, रंजीत भटनागर, उत्सव शर्मा आदि मौजूद रहे।

राहुल को जान से मारने की धमकी, भाजपा नेता की गिरफ्तारी की मांग पर कांग्रेस का प्रदर्शन

छत्रपति संभाजीनगर, 13 सितंबर (वार्ता)। कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने तथा महाराष्ट्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं किये जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रदेशव्यापी राज्यव्यापी प्रदर्शन किया और पूर्व भाजपा विधायक तरविदर सिह मारवाह की गिरफ्तारी की मांग की।

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। छत्रपति संभाजीनगर में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद कल्याण काले और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शेख यूसुफ के नेतृत्व में शाहगंज इलाके में गांधी भवन के सामने धरना दिया गया। उन्होंने भाजपा सरकार और मारवाह के खिलाफ नारे लगाये। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गांधी परिवार ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। राष्ट्रविरोधी ताकतों ने महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी की हत्या की है। यह बहुत गंभीर और आपत्तिजनक है कि श्री राहुल गांधी को जान से मारने की सार्वजनिक रूप से धमकी दी जा रही है और भाजपा सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। कांग्रेस नेताओं के प्रदर्शन के दौरान महाराष्ट्र प्रदेश सेवादल के अध्यक्ष विलासबापू औताडे, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉ. जफर अहमद खान, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉ. जितेंद्र देहाड़े, रोजगार स्वरोजगार क्षेत्र के अध्यक्ष योगेश मसलगे पाटिल, अल्पसंख्यक विभाग के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इब्राहिम पठान, अल्पसंख्यक विभाग के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गुलाब पटेल, एडवोकेट सैयद अकरम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर नागरे, महिला शहर अध्यक्ष दीपाली मिसाल, डॉ. अरुण शिरसाथ और अनीस पाटे समेत काफी संख्या कार्यकर्ता शामिल रहे।

एसडी पब्लिक स्कूल में हिंदी सप्ताह धूमधाम से मनाया

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बुस.)। 14 सितंबर को हर साल भारत में हिंदी दिवस मनाया जाता है। यह दिन 1949 हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किए जाने की याद में मनाया जाता है। हिंदी दिवस का मुख्य उद्देश्य भाषा के प्रति सम्मान जगाना और इसे प्रोत्साहित करना है, ताकि देशभर में इसका प्रचार-प्रसार हो सके। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे सप्ताह प्रतिदिन हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध लेखकों एवं कवियों का जीवन परिचय तथा उनकी रचनाओं से अवगत कराया। छात्र- छात्राओं ने भाषणों एवं कविताओं द्वारा उत्साहपूर्वक भागीदारी की। शिक्षिका पूनम गोयल, मोनिका त्यागी, आराधना ने अपने विचार प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को मातृभाषा का महत्व बताया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। जूनियर विंग तथा सीनियर विंग में हिंदी सप्ताह के तहत विद्यार्थियों ने नारा लेखनए कविता वाचन, विलोम शब्दों की कहानी सुनाना, मुहावरों की

कहानी सुनाना, पुस्तक पाठन, कवियों एवं लेखकों से परिचय आदि विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने प्रतिदिन कविताएं, दोहे, और सुविचार प्रस्तुत किये। कक्षा एलकेजी ए द्वारा विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें छात्र अधिराज ने हिंदी दिवस के बारे मे जानकारी साझा की और छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कीर्ति, माही, ऋषिका, नव्या ने हिंदी भाषा का महत्व दर्शाती हुई कविताएँ सुनाईं। सभी हिंदी अध्यापिकाओं ने हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य और महत्व के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। जूनियवर विंग इंचार्ज डॉ. रचना जैन ने विद्यार्थियों को गतिविधियों में प्रतिभाग कराने के लिए सभी हिंदी अध्यापिकाओं की सराहना की। विद्यालय में हिंदी सप्ताह के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान का विकास होता है। डॉयरेक्टर चंचल सक्सेना ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमारे देश का गौरव है। हमें सभी भाषाएँ सीखनी चाहिए पर मातृभाषा के प्रति मन में सम्मान होना चाहिए। भाषा की समृद्धि में ही हमारी जातीय संस्कृति और राष्ट्र की समृद्धि निहित है।

गोल्डन पब्लिक स्कूल ने मनाया हिंदी दिवस

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बुस.)। पचेंडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल में आज हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भिन्न-भिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने कविता भाषण, सामान्य ज्ञान, गीत, नृत्य के अभिनय तथा सुविचार द्वारा मनभावन प्रस्तुति दी। कक्षा 1 व 2 के छात्र-छात्राओं ने हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं, यह हमारी संस्कृति और पहचान की आत्मा है। इसमें हमारी परंपराओं और मूल्यों का सार है। हम सभी का कर्तव्य है कि इसका सम्मान करें। अंत में उन्होंने छात्र-छात्राओं के प्रयास की सराहना की।

दा एसडी पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बुस.)। द एसडी पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। निबंध, कविता, नारे व कला प्रतियोगिता आदि गतिविधियों में अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छोटे बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए खाने से पहले व खाने के बाद हाथ धोने के महत्व को समझाते हुए हैंड वाश-डे मनाया गया। सभी अध्यापक / अध्यापिकाओं व विद्यार्थियों ने स्वच्छता शपथ ली कि हम स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और उसके लिए समय देंगे।

हम 100 घंटे प्रतिवर्ष अर्थात प्रत्येक सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करेंगे। हम न गंदगी करेंगे और न औरों को करने देंगे।

शपथ के दौरान प्रत्येक ने यह संकल्प लिया कि वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी यह करवाएगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम माहना ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया हमारा यह एक कदम पूरे देश को स्वच्छ बनाएगा।

बुढ़ाना में गणेश चतुर्थी महोत्सव में भक्तों ने की भगवान गजानन की वंदना

बुढ़ाना, 13 सितम्बर (बु.)। श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति बुढ़ाना के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना मंडल के उपाध्यक्ष मनमोहन कश्यप द्वारा बुढ़ाना कस्बे के पारसी बस स्टैंड के समीप कई दिनों से आयोजित किए जा रहे गणेश चतुर्थी महोत्सव में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. सोनू कश्यप ने अपनी धर्मपत्नी मदनलाल हॉस्पिटल की ऑनर डा. शूचि कश्यप के साथ पहुंचकर बीती बृहस्पतिवार की देर रात भगवान गजानन की चरण वंदना करने का सौभाग्य प्राप्त किया। बुढ़ाना कस्बे में गणेश चतुर्थी की धूम है। दस दिवसीय गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। कस्बे के पुराने बरगद के पेड़ के नीचे बनाए गये पंडाल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यहां गणेश चतुर्थी पर बने पंडाल में बप्पा की रोजाना महाआरती हो रही है। बीती रात डा. सोनू कश्यप ने भगवान गणेश की आरती उतारी। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त यहां पर मौजूद रहे।

अवैध निर्माण किसी भी समुदाय का बर्दाश्त नहीं: सुक्खू

शिमला, 13 सितंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अवैध निर्माण किसी भी समुदाय का बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश में सभी धर्मों का सम्मान सर्वोपरि है। कानून से ऊपर कोई भी नहीं है। प्रदेश में कुछ दिनों से मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर जारी संघर्ष के बीच मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सर्वदलीय बैठक में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए संयुक्त समिति के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। समिति पूरे प्रदेश में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए नीति बनाने का काम करेगी।

वर्ल्ड विजन में हिंदी दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बुस.)। वर्ल्ड विजन स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का उद्देश्य छात्रों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान कक्षा सात की छात्रा शिवान्या ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रेरणादायक भाषण दिया। कक्षा छह की छात्रा अभिज्ञा ने हिंदी में कविता प्रस्तुत कीं, जिसमें राष्ट्रभक्ति और भाषा के प्रति आदर का भाव झलक रहा था। कक्षा 9वीं की छात्रा आव्या अरोरा द्वारा मंच का संचालन किया गया। सभा के अंत में प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने सभी छात्रों को हिंदी भाषा के प्रति सम्मान बनाए रखने और इसे दैनिक जीवन में अधिका

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

मठाधीश, माफिया और अखिलेश

अखिलेश यादव भाजपा विरोध में विवेक खो बैठे, उन्होंने मठाधीशों को माफिया कह दिया। अखिलेश यादव का यह बयान सनातन परम्परा पर गहरी चोट है। भारत में हजारों मठ हैं, जिनके मठाधीश्वर पूजनीय होते हैं, प्रतिदिन लोग उनकी चरण वन्दना करते हैं और उन्हें माफिया बताया जा रहा है। संत समाज ने इस बयान की घोर निन्दा की है। यदि वे मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ही पर कटाक्ष करते, तो इसे राजनैतिक कटाक्ष कहा जा सकता था, लेकिन अखिलेश ने मठाधीशों को माफिया कह दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में एक हिंदू मठ, गोरखनाथ मठ के मठाधीश्वर हैं। हिन्दू-धर्म, दर्शन, आध्यात्म और साधना के अन्तर्गत विभिन्न सम्प्रदायों और मत-मतान्तरों में नाथ सम्प्रदाय का प्रमुख स्थान है। भारतवर्ष का कोई प्रदेश, अंचल या जनपद नहीं है, जिसे नाथ सम्प्रदाय के सिद्धों या योगियों ने अपनी चरण रज से साधना और तत्त्वज्ञान की महिमा से पवित्र न किया हो। देश के कोने-कोने में स्थित सम्प्रदाय के तीर्थ-स्थल, मन्दिर, मठ, आश्रम, दलीचा, खोह, गुफा और टीले इस बात के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि नाथ सम्प्रदाय भारतवर्ष का एक अत्यन्त गौरवशाली प्रभविष्णु, क्रान्तिकारी तथा महलों से कुटियों तक फैला सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला लोकप्रिय प्रमुख पंथ रहा है। भारत में ऐसी ही गरिमा वाले अन्य मठ भी हैं, जिनसे करोड़ों भारतीयों की आस्था जुड़ी है, ऐसे में यह कह देना कि मठाधीश और माफिया में अन्तर नहीं होता, अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों ने सुल्तानपुर डकैती को लेकर उनसे सवाल किया। कहा कि सीएम योगी कह रहे कि अखिलेश यादव अब अपराधियों की जाति भी देख रहे हैं। इसके जवाब में सपा प्रमुख ने कहा,'मठाधीश और माफिया में कोई बहुत ज्यादा फर्क नहीं होता'। देखा जाए तो यह मुख्यमन्त्री पर कटाक्ष है, लेकिन अखिलेश को पता ही नहीं चला कि योगी विरोध में वे, वो कह गए, जिसे सोचना भी नहीं चाहिए। अखिलेश यादव का आरोप है कि यूपी सरकार अपराधियों की जाति देखकर कार्रवाई कर रही है। मंगेश को लेकर उनका तर्क है कि वह यादव जाति का था, इसीलिए उसका एनकाउंटर किया गया। कहा जा रहा है कि अखिलेश यादव अपने कोर वोटर्स के खिलाफ हो रही कानूनी कार्रवाई से बौखला रहे हैं, उन्हें लगता है कि एक तरफ मुस्लिम वोट राहुल खींच रहे हैं, दूसरी तरफ अगर यादव का पक्ष न लिया, तो यादव भी छिटक जाएंगे, इसलिए वे डकैत का पक्ष ले रहे हैं, लेकिन वोट खोने की टेंशन में वे मठाधीशों को माफिया कह गए इसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ेगी। अखिलेश यादव के माफिया और मठाधीश वाले बयान के बाद डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान सहित तमाम मंत्री अखिलेश पर हमलावर हो गए हैं। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने भी अखिलेश यादव को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि जब मुसलमान मारा जाता है तब अखिलेश यादव की जबान नहीं खुलती, जब दलित, ब्राह्मण, राजपूत, पिछड़ा मारा जाता है तब इनकी जबान क्यों नहीं खुलती? मंगेश यादव की मौत पर हाय तौबा क्यूं कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि सपा का डीएनए अपराध और अपराधियों का साथ देने का रहा है। अखिलेश यादव अब चोर-लुटेरों की तस्वीरों में अपने लोगों को तलाश रहे हैं। राजभर ने आगे कहा कि सर्राफा एसोसिएशन ने आज पुलिस की तारीफ की है। मंगेश यादव अपराधी था या नहीं ये अखिलेश यादव बताएं। उन्होंने कहा कि एनकाउंटर में कभी-कभी पुलिस भी मरती है। अपनी आत्मरक्षा में पुलिस ने गोली चलाई। सपा अब कांग्रेस के अलगावाद पर चल रही है। अपराधियों को टिकट देना और उनको नेता बनाना पहले से उनका इतिहास रहा है। जितना बड़ा अपराधी उतना बड़ा समाजवादी। मठाधीश वाले बयान पर राजभर ने कहा कि अखिलेश की नजर में मठाधीश माफिया हो सकता है, लेकिन मठाधीश मठ में बैठकर भगवान की आराधना करता है। लोगों को आशीर्वाद देता है, ये ही उनका काम होता है। अयोध्या में बीजेपी द्वारा सस्ते में जमीन खरीदकर महंगे में बेचने वाले बयान को लेकर राजभर ने कहा कि अयोध्या में जो बलात्कार हुआ उस पर अखिलेश क्यों नहीं बोलते? उसमें आरोपी कौन निकला? समाजवादी पार्टी का आदमी उसमें निकला। कन्नौज में भी आरोपी उनकी ही पार्टी का है। अखिलेश द्वारा एनकाउंटर को फर्जी बताने पर योगी ने कहा कि डकैत मारे जाएं, तो सपा के सीने पर सांप लौटने लगते हैं। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि जिन लोगों ने कभी अच्छा किया ही नहीं, अच्छा होने पर उन्हें बुरा लगेगा ही। वह एक्सपोज हो रहे हैं, इसलिए दुष्प्रचार का सहारा लेते हैं। उनसे पूछा जाना चाहिए कि जब उनकी सरकार थी तो क्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यूपी में 1.55 लाख पुलिसकर्मियों के पद खाली पड़े थे। हम लोग आए, तो समयसीमा के अंदर इसे भर दिया। 1.64 लाख शिक्षकों की भर्ती बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में संपन्न की। साढ़े छह लाख नौजवानों को हमारी सरकार में नौकरी मिली। 2017 के पहले भर्ती को लेकर सरकार की नीयत अच्छी नहीं थी। भ्रष्टाचार और घूसखोरी उनकी पहचान बन चुकी थी। आज प्रदेश को उससे मुक्त किया गया। ऐसे तत्वों पर लगाम कसी गई है। गिरोह का व्यक्ति परेशान होगा, तो सरगना भी परेशान होगा। परेशान होने पर कुछ न कुछ बोलेगा ही। डकैत भी बिना प्रमाण खुद को दोषी नहीं मानता। फुटेज दिखाने पर ही कहता है कि गलती हो गई। एक अन्य भाजपा नेता का कहना है कि इस बयान को सियासी बयान ही समझकर नजर अंदाज न किया जाए, पलटवर करके ही बात समाप्त हो गयी यह न समझा जाए। यह आस्था पर गहन चोट है। हिन्दू सहनशील हैं, क्षमाशील हैं, अखिलेश की इस मूढ़ता को भूल भी जाएंगे लेकिन ऐसा बयान उन्होंने किसी और समुदाय के विद्वानो के विरुद्ध दिया होता, उन्होंने उनके विद्वानों को, धर्म गुरुओं को माफिया बताया होता तो उन्हें पता चलता कि अहमकाना बयान बाजी की कितनी कीमत चुकानी पड़ती है। किसी को भी सोच समझकर बोलना चाहिए, लेकिन आजकल नेता बोलते जा रहे हैं, लेकिन सोच नहीं रहे हैं। मिर्जा शहीद नूही का शेर है-

जो भी लफ़्ज़ मुँह से निकालिये बड़ा वज़्न दार निकालिये,
जिसे बोलते हैं ज़बां से हम उसे तौलता कोई और है।

चार तीर

सुनील उत्सव

"भारत" "बयान" "शैतान" "लगाव"

गुण्डों को अपना भाई ही कहते हैं वो यहाँ,
भारत विरोधयों से भी उनका तो है जुड़ाव।
उनके बयान से हमें लगता है के उन्हें,
शैतान से लगाव है,शैतान से लगाव।

शाहपुर में विवाद का कारण बना मदरसे के पास लगा विद्युत ट्रांसफार्मर

- सैंकड़ों नागरिकों, चेयरमैन अकरम कुरैशी एवं विद्युत अधिकारियों की मौजूदगी में हुई पंचायत
- भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत मौके पर पहुंचे -लोगों ने किया ट्रांसफार्मर का विरोध, बदला जाएगा स्थान

शाहपुर, 13 सितम्बर (बु.)। कस्बे में इस्लामिया मदरसे के समीप स्थापित किए गए नए विद्युत ट्रांसफार्मर को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहे भारी विरोध के बीच शुक्रवार को भाकियू सुप्रीमो नरेश टिकैत मौके पर पहुंचे और विवाद का कारण बने ट्रांसफार्मर के स्थान का सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में मौका मुआयना किया। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी के कैंप कार्यालय पर हुई पंचायत में नागरिकों के समक्ष पूरे मामले को सुना। चौधरी टिकैत ने विद्युत विभाग के अधिकारी को मौके पर बुलाकर पूरे मामले के निस्तारण को कहा। सर्वसम्मति से उक्त ट्रांसफार्मर को हटाने का फैसला किया गया। अब उक्त ट्रांसफार्मर अन्यत्र स्थापित किया जाएगा। मौहल्ला कस्यावान में लगाए गए ट्रांसफार्मर को लेकर चल रहे विवाद का भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत ने दोनों पक्षों से वार्ता कर समाधान कराया। कस्बा निवासी हसन ने लघु उद्योग लगाने के लिए विद्युत निगम से कनेक्शन मंजूर कराया था, जिसके बाद विद्युत निगम के कर्मचारियों ने लगाए गए लघु उद्योग तक विद्युत पहुंचाने के लिए मौहल्ला कस्सावान स्थित एक गली के किनारे पर विद्युत ट्रांसफार्मर लगा दिया, जिसका मौहल्लावासियों ने विरोध किया। मौहल्लेवासियों का कहना था कि यहां पर पहले से ही विद्युत निगम का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। एक और ट्रांसफार्मर लगने से मौहल्लेवासियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा पास ही स्थित इस्लामिया मदरसे में आने जाने वाले बच्चों के लिए भी खतरा बन गया है। इसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। शुक्रवार की शाम भाकियू सुप्रीमों चौधरी नरेश टिकैत कस्बे में पहुंचे और ट्रांसफार्मर का मौका मुआयना करने के बाद वह नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी के कैंप कार्यालय पर पहुंचे। इस दौरान भाकियू सुप्रीमो ने कहा कि आपसी समझौते से बड़े-बड़े विवाद का समाधान हो जाता है। सभी अपना अहम छोड़कर विवाद को निपटाए। इसके बाद भाकियू सुप्रीमो ने दोनों पक्षों से वार्ता करने के बाद बैठक में मौजूद विद्युत निगम के जेई श्याम किशोर को बताया कि दोनों पक्ष वहां से ट्रांसफार्मर हटाने को लेकर सहमत हो गए हैं। ट्रांसफार्मर को ऐसे स्थान पर लगाया जाए, जहां से किसी को भी कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान हाजी शाहिद त्यागी, यामीन कुरैशी, हाजी मुर्सलीन राइन, जुल्फिकार कुरैशी, इकबाल कुरैशी, सभासद कलाम अंसारी, मोहसिन रंगरेज, भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष सोनू, वीरेंद्र प्रधान, सत्येंद्र प्रधान, बिजेंद्र बालियान, सभासद सोनू सैनी व मनोज सैनी आदि मौजूद रहे। भाकियू नगर अध्यक्ष जुल्फिकार कुरैशी के आवास पर भी पहुंचे भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत का स्वागत किया गया।

ओलंपिक मेडलिस्ट प्रीति पाल का हुआ भव्य स्वागत

मोरना, 13 सितम्बर (बु.)। बेहड़ा सादात में पहुंची पैरालम्पिक मेडल विजेता प्रीति पाल का भव्य स्वागत किया गया। ढोल नगाड़ों की थाप के बीच ग्रामीणों ने फूल मालाओं के साथ क्षेत्र की बेटी का भव्य स्वागत करते हुए प्रीति पाल जिंदाबाद के नारों के साथ भारत माता की जय जयकार की। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात में शुक्रवार की शाम ग्रामीणों की भीड़ मुख्य मार्ग पर इकट्ठा हो गयी। ग्रामीणों की भारी भीड़ ने पेरिस में आयोजित पैरालम्पिक में देश को दो पदक दिलाने वाली धावक प्रीति पाल का स्वागत किया। प्रीति पाल मुजफ्फरनगर से जौली बेहड़ा सादात होते हुए अपने गांव हाशमपुर जा रही थी। बेहड़ा सादात में मुख्य चौराहे पर पलक पावड़े बिछाए बैठे ग्रामीणों ने फूल मालाओं के साथ प्रीति पाल का स्वागत किया। हाशमपुर निवासी धावक प्रीति पाल ने एक नया इतिहास रचते हुए पेरिस में हुए पैरालम्पिक में 200 मीटर टी-35 कैटगरी में ब्रॉन्ज मैडल प्राप्त किया है। प्रीति पाल के आगमन को लेकर दोपहर से बेहड़ा सादात चौराहे पर स्वागत करने वालों की भीड़ इकट्ठा होने लगी थी। हल्की बारिश के बीच उत्साह से भरे ग्रामीणों ने प्रीति पाल का स्वागत किया।

गांव के पानी की निकासी कराने के लिए एसडीएम जानसठ हुए फेल

भोपा, 13 सितम्बर (बु.)। गांव में पानी की निकासी न होने के कारण गांव की गलियों में पानी भरा हुआ है। पानी में खड़े होकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए प्रशासन पर गम्भीर आरोप लगाया है। गांव की राजनीति में मौहल्ले वालों का जीना दुभर हो गया है। शिकायत के बाद भी पानी की निकासी के लिए नहीं बनाई जा रही नाली। उपजिलाधिकारी भी इस मामले में फेल हो गये हैं। जिला प्रशासन से मिल कर पानी की निकासी करने की मांग की है। मोरना ब्लॉक के ग्राम तेवड़ा में पिछले कई सालों से तालाब ओवर फ्लो होने के कारण बस्तियों में पानी भरा हुआ है, जिसे लेकर ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी के कारण उनके बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। वहीं रास्तों में तालाब का गंदा पानी भरा होने के कारण उसमें मच्छर पैदा हो रहे हैं, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि वह पिछले कई सालों से इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण ने बताया कि पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से तालाब पुरा भर चुका है तथा रास्तों में कई फीट पानी भर गया है। मकान नीचे होने के कारण मकान में पानी अंदर तक चला गया है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय में तालाब से जहरीली जीव जंतु घरों में घुस जाते हैं, जिनसे मौहल्ले वालो को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रदर्शन करते हुए शासन प्रशासन से पानी की निकासी की मांग की है। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वसीम ने बताया कि पानी की निकासी के लिए एक नाली के निर्माण का प्रस्ताव पास हुआ है, जिसका कुछ लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है। इस मामले में एसडीएम जानसठ को पिछले कई सालों में। दर्जनों प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। शनिवार को प्रधान प्रतिनिधि जिला अधिकारी से बात कर अपनी समस्या उनके सामने रखेंगे।

इन्होंने कुछ यूं कहा...

खंड विकास अधिकारी ने बताया कि नाली के निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है,
जिसमें एक बार बिठाकर मीटिंग की जा चुकी है।
जल्द ही दूसरी मीटिंग कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

संचारी रोग की रोकथाम को पालिका ने चलाया विशेष सफाई अभियान

- 5 वार्डों में ड्यूटी से गुम मिले 8 कर्मचारी, वेतन पर लगाई रोक - 11 दिनों तक शहर में लगातार चलेगा क्षेत्र में सफाई अभियान - आज वार्ड 10, 24, 27, 42 व 50 में चलेगा अभियान

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। रिमझिम बौछारों के बीच नगर की जनता को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचारी रोग रोकथाम अभियान की कड़ी में पालिका टीम ने विशेष सफाई अभियान शुरू किया। पहले दिन पालिका के 5 वार्डों में टीम के साथ उतरे नगर स्वास्थ्य अधिकारी को 8 सफाई कर्मचारी ड्यूटी से गायब मिले। ईओ के निर्देश पर इन सभी कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगा दी गई है। साथ ही 11 दिवसीय अभियान में सफाई कर्मियों और सफाई नायकों को संवेदनशील होकर ड्यूटी करने के लिए सख्त निर्देश जारी करने के साथ इन 11 दिनों में सफाई कर्मियों की छुट्टी पर रोक लगा दी गई है। शुक्रवार को शहर के 5 वार्डों से संचारी रोग रोकथाम के सफाई अभियान का शुभारंभ के साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी अतुल कुमार बारिश के बीच पांचों वार्डों में सफाई कर्मियों की टीम लेकर सड़कों पर उतर गए। सुबह 6:30 बजे से शुरू हुए सफाई कार्य के बीच वार्ड संख्या 01, 02, 14, 18 और 33 से जुड़े इलाकों में टीम ने साफ सफाई कराते हुए लोगों को जागरुक किया। इस बीच कर्मचारियों ने जानसठ रोड, अलमासपुर, भरतिया कालोनी, पटेलनगर व नई मंडी आदि क्षेत्रों में विशेष रूप से सफाई की गई। इस बीच कर्मियों द्वारा डिवाइडर, मुख्य मार्ग सफाई, रोड के किनारे घास की कटिंग और नालियों व गलियों से निकले कूड़े को तभी गाड़ियों के माध्यम से ही उठाया। उन्होंने बताया कि अभियान शुरू करने से पूर्व सफाई कर्मियों की हाजिरी दर्ज कराने पर इस दौरान 5 वार्डों में 8 सफाई कर्मी अपनी ड्यूटी से पूर्व सूचना के बिना गैर हाजिर मिले। इन सफाई कर्मियों पर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के निर्देशों के तहत कार्यवाही करते हुए एक दिन के वेतन पर रोक लगी है। साथ ही चेतावनी दी कि आगामी दिनों में अभियान के दौरान यदि सफाई कर्मचारी गैर हाजिर रहेंगे तो वेतन रोकने के साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी होगी। उन्होंने सफाई नायकों को निर्देश दिए कि 11 दिनों के इस अभियान के बीच सफाई कर्मियों व नायकों की छुट्टी पर रोक लगी है। उन्होंने बताया कि शनिवार को पालिका के वार्ड संख्या 10, 24, 27, 42 व 50 के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान अभियान का जायजा लेने के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह औचक निरीक्षण कर सकती हैं। शुक्रवार को इस अभियान के शुभारंभ अवसर पर सभासद पति व युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, राहुल पंवार, सुरेन्द्र कुमार, ललित कुमार, सभासद सतीश कुकरेजा के साथ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक योगेश कुमार गोलियान और सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्लाक्षा मेनवाल और सभी सफाई नायक मौजूद रहे।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र हिमांशु और उसकी पत्नी रूपल मेरे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैं उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ और मैंने व मेरे परिवार ने हिमांशु और उसकी पत्नी रूपल से अपने सभी सम्बंध समाप्त कर लिये हैं। यदि मेरा पुत्र हिमांशु और उसकी पत्नी रूपल कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेन-देन करते हैं, तो उसके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

विनोद पुत्र बलवीर सिंह
ग्राम- सोंहजनी जाटान
थाना- तितावी, मुजफ्फरनगर

शाहपुर परंपरागत ढंग से मनाया गया धूप दशमी का पर्व

शाहपुर, 13 सितम्बर (बु.)। कस्बे में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने दशलक्षण पर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म की पूजा-अर्चना करने के साथ धूप दशमी का पर्व परंपरागत रूप से मनाया। कस्बे में सकल जैन समाज ने दशलक्षण पर्व के छठें दिन धूप दशमी के पर्व पर श्री पद्मप्रभु जिनालय में भक्ति संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने श्री जी की भक्ति आराधना की। इस दौरान सकल जैन समाज के संरक्षक बालेश जैन ने बताया कि दशलक्षण पर्व के छठे दिन धूप दशमी का पर्व भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की दशमी को मनाया जाता है । उन्होंने बताया कि जो श्रावक इस व्रत का विधि पूर्वक पालन करता है उसके अशुभ कर्म नष्ट हो जाते हैं। धूप दशमी के पर्व पर जैन श्रद्धालुओं ने कस्बे के जैन मंदिर श्री शांतिनाथ जिनालय, श्री पद्मप्रभु जिनालय, श्री नेमीनाथ जिनालय, मुनि सुव्रतनाथ मान स्तंभ में सुगंधित धूप अर्पित की। इससे पूर्व प्रातः काल जैन मंदिरों में उत्तम संयम धर्म की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मदनलाल जैन, राकेश चंद्र जैन, सतीश जैन, रविंद्र जैन, विनय जैन, ललित जैन, पुनीत जैन, उमंग जैन, अभिषेक जैन मीशु, अमित जैन, वैभव जैन व विक्की जैन आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

हवा के साथ हुई बरसात से पेड़ टूटकर गिरा, तार भी टूटे

जानसठ, 13 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र में दो दिनों से हो रही बरसात से लोगो को गर्मी से राहत मिली। लगातार बरसात होने से खेतों में पानी भर गया है। बरसात में हवां चलने से सड़क किनारे खड़ा पेड़ गिर गया, जिससे बिजली के तार टूट गए। शुक्रवार को हवा के साथ हुई बरसात से सड़क पर पेट टूटकर गिर गया। पेड़ टूटने से बिजली की लाइन के तार भी टूट गए, जिससे क्षेत्र की आपूर्ति बंद हो गई। सड़क पर पेड़ टूटकर गिरने से यातायात भी बाधित रहा। वहीं सब्जी की फसलों में बारिश का पानी भर जाने से किसान चिंतित हो गए हैं। दो दिनो से क्षेत्र में लगातार बरसात हो रही है। हवा के साथ हुई बरसात से खतौली जानसठ रोड पर गांव भलेड़ी गेट के पास सड़क के किनारे खड़ा पेड़ टूटकर गिर गया। पेड़ के टूटने से बिजली की लाइन के तार भी टूट गए। तारों को टूटने से आसपास क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई। सड़क पर पेड़ टूटकर गिरने से घंटों यातायात भी बाधित रहा। मौके पर पहुंचे विद्युत कर्मचारियों ने पेड़ हटाकर यातायात सुचारू करवाया। इसके बाद कर्मचारी बिजली की लाइन के तारों को जोड़ने में जुट गए।

स्काईलैंड स्कूल शाहपुर की कबड्डी टीम ने सीबीएसई क्लस्टर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पाया

शाहपुर, 13 सितम्बर (बु.)। कस्बे की शिक्षण संस्था स्काईलैंड स्कूल की कबड्डी टीम ने सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की टीम की कामयाबी पर हर्ष की लहर है। कस्बे की शिक्षण संस्था स्काईलैंड स्कूल के प्रबंधक राहुल गोयल ने बताया कि सीबीएसई क्लस्टर क्रीड़ा प्रतियोगिता 10 से 12 सितंबर तक नोएडा में आयोजित की गई, जिसमें सीबीएसई के 152 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यालय की कबड्डी टीम में शामिल खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया, जिसकी बदौलत विद्यालय की टीम ने कबड्डी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। विद्यालय की कबड्डी टीम के कोच रविंद्र कुमार रहे। विद्यालय के प्रबंधक मनोज गोयल, राहुल गोयल, प्रधानाचार्य निशा अग्रवाल के अलावा व्यायाम शिक्षक रुखसार, अनुज जैन, विकास भारद्वाज, कमलकांत सैनी, सचिन कुमार, हरिकांत शर्मा व राम प्रसाद आदि ने खिलाड़ियों के पदक जीतने पर हर्ष व्यक्त किया है।

छपार हाईवे पर दिल्ली के वकील से लूट का प्रयास

छपार, 13 सितम्बर (बु.)। दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के वकील से बाइक सवार लोगों ने छपार क्षेत्र में लूट का प्रयास किया। पीड़ित वकील ने छपार थाना पुलिस को लूट के प्रयास की तहरीर दी गई। दिल्ली निवासी ललित कुमार सुप्रीम कोर्ट में वकालत करते हैं। गुरूवार सांय वे रूड़की से अपनी बहन जो वहां जज के रूप में कार्यरत है, से मिलकर वापस अपनी कार से सांय सात बजे के लगभग दिल्ली जा रहे थे। हाईवे पर छपार थाना क्षेत्र में छपार टोल प्लांजा से पहले दो बाइक सवारों ने उनकी कार को जबरदस्ती रूकवाने का प्रयास किया, लेकिन वे किसी प्रकार कार को बचाकर निकल गए। सुबह वापस आकर उन्होने छपार थाना पुलिस को लूट के प्रयास की तहरीर देकर बताया कि उनके पास लाखों रुपए की नगदी थी। संभवतय बदमाश उनका पीछा कर रहे थे। छपार पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू की है।

गणपति धाम में गणेश जी का सिक्कों से किया अभिषेक

मुजफ्फरनगर, 13 सितंबर (बु.)। गणपति जन्मोत्सव पर विभिन्न स्थानों पर चल रहे गणेश पूजा के आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। गणपति धाम में आज सिक्कों से गणेश जी का अभिषेक किया गया। गणपति धाम में आयोजित गणपति जन्मोत्सव में आज सुबह पंडित भास्कर आचार्य ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर 1100 सिक्कों से भगवान गणपति का अभिषेक किया गया। आयोजन में मंदिर के संस्थापक प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, समिति के अध्यक्ष अशोक गर्ग, मंत्री अनिल गोयल, चचा जेपी, विनोद राठी, रजत राठी, अंकित आदि का सहयोग रहा। गणपति महोत्सव की श्रंखला में शनिवार को सुबह पूजा के बाद दोपहर बाद यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। रविवार का जुलूस के साथ गणपति विसर्जन खतौली गंग नहर पर होगा।

दूसरी और बड़ी धर्मशाला में श्री सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति (रजि) नई मंडी मुजफ्फरनगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड के रुड़की के मनोज धावल आर्ट ग्रुप के कलाकारों द्वारा बहुत ही भव्य तरीके से कृष्ण सुदामा, और रामलला जी सुंदर झाकी के कार्यक्रम आयोजित किए गए। पंडित अवधराज आचार्य जी और उनकी टीम के आचार्य अभिषेक त्रिपाठी,आचार्य अंकित कौशिक,आचार्य अतुल शुक्ला,पंडित सूरज उपाध्याय के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व नगर विधायक अशोक कंसल रहे। इस मौके पर तमाम अन्य लोग पूजा अर्चना में उपस्थित रहे।

दशलक्षण पर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म पूजा कर मनाया सुगंध दशमी पर्व

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। भाद्रमाह शुक्ल में दिगंबर जैन समाज ने दशलक्षण पर्व के छठे दिन शुक्रवार को श्री दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र वहलना के साथ शहर और गांव-देहात के सभी जैन मंदिरों में उत्तम संयम धर्म की पूजा-अर्चना करते हुए जैन समाज के लोगों ने अग्नि में धूप प्रवाहित करके अपनी आत्मा को शुद्ध करते हुए सुगंध दशमी पर्व मनाया। शुक्रवार की सुबह से ही शहर के सभी जैन मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए जैन मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। बारिश के बीच जैन मंदिरों में आज के दिन महिलाएं निर्जल उपवास व व्रत रखकर विशेष पूजन अर्चन के साथ दान करती है। सुगंध दशमी की जैन दर्शन में बहुत मान्यता है। जैन दर्शन में आत्मा में एकाग्र का होना ही उत्तम संयम कहलाता है। जैन दर्शन यही सिखाता है कि प्रत्येक प्राणी को संयम में रहना चाहिए। सभी को विवेक पूर्ण कार्य करना चाहिए तथा हिंसा आदि से दूर रहना चाहिए। पर पदार्थ यानी मिथ्यात्व भाव, कषाय भाव, रागादि भाव, हिंसा भाव आदि का त्याग करना एवम पांचों इंद्रियों पर विजय प्राप्त करना उत्तम संयम धर्म है। वहीं दूसरी ओर नगर के प्रेमपुरी, जैन नगर, अबूपुरा, पारसनाथ, नई मंडी चौड़ी गली, मुनीम कालोनी, जैन मिलन विहार, महावीर चौक, सुरेंद्र नगर, अंबा विहार, रेनबो विहार सहित सभी जैन मंदिरों में सुगंध दशमी पर्व मनाया गया। श्री दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र वहलना में दशलक्षण पर्व के छठे दिन बाहरी क्षेत्रों से पूजन के लिए आने वाले भक्तों का भी सुबह से ही तांता लगा रहा। इस अवसर पर यहां पूजा अर्चना और सुगंध दशमी पर्व मनाने वालों में प्रमुख रूप से जैन समाज से जुड़े रोहित जैन अप्पू, विप्लव जैन, वैभव जैन, आशीष जैन, चंद्र जैन, विपिन जैन, अभिषेक जैन, मनीष जैन, विजय जैन, अमन जैन, अमित जैन, शशांक जैन, अभिनव जैन, सुबोध जैन, आशीष जैन, दिनेश जैन, गौरव जैन समेत काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

लापरवाह बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

भोपा, 13 सितम्बर (बु.)। सड़क किनारे पैदल गुजर रहे ग्रामीण को बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल से एक माह बाद घर लौटे पीड़ित ने आरोपी बाइक सवारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा निवासी व्यक्ति अंचित राठी ने बताया कि बीते 14 अगस्त की देर शाम वह गांव में सड़क किनारे पैदल अपने घर जा रहा था कि तभी तिस्सा गांव निवासी बाइक सवार दो युवकों ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए तेजी से आकर पीछे से उसे टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को भोपा सी एच सी ले जाया गया, जहां से उसे प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया। इलाज के उपरांत घर लौटे पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दहेज ना देने पर मारपीट कर घर से निकाला

सिखेड़ा, 13 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की की शादी दिल्ली कैंट क्षेत्र में हुई थी। लड़के वालों की दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर लड़की को मारपीट कर घर से निकाल दिया। लड़की ने थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकद

बारिश में गौशाला व्यवस्था परखने निकले एडीएम प्रशासन

▸ मंडी गौशाला का निरीक्षण कर दिए जरुरी दिशा निर्देश ▸ जानसठ में प्रस्तावित गौशाला निर्माण को भूमि का निरीक्षण ▸ मीरांपुर व शुक्रताल में भी देखी प्रशासन द्वारा की व्यवस्थाएं

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। बारिश के बीच एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने नई मंडी गौशाला का निरीक्षण करते हुए वहां पर गौवंशीय पशुओं के चारा व चिकित्सा सुविधाओं को परखा। वहीं उन्होंने नगर पंचायत जानसठ में निर्मित होने वाली इस गौशाला की भूमि का निरीक्षण करते हुए ईओ को निर्माण कार्य को शुरू कराने के निर्देश दिए।

एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को रिमझिम बौछारों के बीच में कूकड़ा मंडी स्थल में नगरपालिका परिषद् के द्वारा संचालित नंदी गौशाला एवं ट्रीटमेंट सेंटर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने गोवंशों के लिए भूसा, हरा चारा, पानी व सफाई के साथ ही घायल गौवंशों की चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशाला में गौवंश के भरण पोषण के लिए भूसा पर्याप्त मात्रा में यहां होने और प्रतिदिन हरे चारे की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दो दिनों से जारी वर्षा एवं आगामी ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए गौवंशों के उचित रखरखाव को परिसर में पर्याप्त टीन शेड व्यवस्था प्राथमिकता से लेते हुए जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने गौवंशों में होने वाले रोगों की रोकथाम को समय समय पर पशु चिकित्सकों द्वारा परीक्षण करने, उचित उपचार व पर्याप्त मात्रा में औषधियों का स्टाक रखने के निर्देश गौशाला केयरटेकर, पशु चिकित्सा टीम व पालिका कर्मियों को दिए। इसके साथ एडीएम प्रशासन ने नगर पंचायत जानसठ का दौरा करते हुए ईओ व अन्य अफसरों को क्षेत्र में निर्मित होने वाली इस गौशाला की भूमि का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जानसठ क्षेत्र में निर्मित गौशाला से आवारा पशुओं से होने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी। इस गौशाला का निर्माण इसी माह से शुरू होने जा रहा है। निर्माण में गुणवत्ता का पूर्ण रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से कहा कि गौशाला निर्माण में कोई शिथिलता न की जाये तथा निर्धारित अवधि में इस निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जाये, ताकि जल्द इसका लाभ लोगों को मिलना प्रारम्भ हो जाये। इसके साथ

एडीएम ई ने अस्थाई गौशाला जानसठ व निमार्णाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में गौवंशों के लिए चारा व पेयजल व्यवस्था बनाये रखने को निर्देशित किया गया। वहीं निमार्णाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण करते हुए सरोवर के आसपास उचित साफ सफाई के साथ ही ईओ अधिकारी नगर पंचायत जानसठ को नगर पंचायत में सेंट्रलाइज्ड सीसीटीवी कैमरा सिस्टम, साउंड सिस्टम, पार्क निर्माण, अमृत सरोवर का निर्माण करते हुए आईएसओ प्रमाणन कराने के निर्देश दिए गए। बाद में एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह मीरांपुर पहुंचे और वहां नगर पंचायत द्वारा शुरू गौशाला का निरीक्षण करते हुए वहां गौवंशीय पशुओं की देखभाल कर रहे केयरटेकर व ईओ को निर्देश दिये कि गौशाला में पशुओं के चारे व पानी का पर्याप्त बंदोबस्त रखने के साथ उनके उपचार व बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण व्यवस्था को पूर्ण करें। यहां से वो शुकतीर्थ पहुंचे और वहां पर नदियों के जल स्तर की जानकारी लेने के साथ बाढ़ व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

एसडीएम सदर ने जाना क्षेत्र का हाल, परखी व्यवस्था

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। शुक्रवार को दिनभर जारी रही रिमझिम बारिश के बीच में एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने सदर तहसील के छपार थाना क्षेत्र के गांव खुड्डा व शहर कोतवाली क्षेत्र के नियाजुपुरा में गिरे मकान का अवलोकन करते हुए नायब तहसीलदार को मदद व मुआवजे के लिए दस्तावेज तैयार करने के आदेश दिए। साथ पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। वहीं अन्य क्षेत्र का भ्रमण करते हुए एसडीएम निकिता शर्मा ने अधीनस्थों को लोगों की जानमाल की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने बरसात में शेरपुर खादर बाढ़ क्षेत्र का भ्रमण किया। शुक्रवार को एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने बीते दो दिनों से जारी बारिश के बीच तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए किसानों की फसल हानि आदि की जानकारी मौजूद व्यक्तियों से ली। इस बीच उन्होंने बाढ़ चौकी आदि के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन बाढ़ से निपटने को पूरी तरह तैयार है। ग्रामीणों को कोई भी दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। एसडीएम सदर बरसात में ही शाहपुर में स्थित गौशाला का निरीक्षण करते हुए बीते 36 घंटे से लगातार हो रही जनपद में बरसात के चलते प्रशासन की ओर से की गई तमाम तैयारियों को परखा। बाद में सदर एसडीएम निकिता शर्मा बरसात में ही रामपुर तिराहा गौशाला का औचक निरीक्षण करते हुए वहां गौशाला में तैनात संबंधित कर्मियों को गौवंश के लिए इस दौरान उचित व्यवस्था के लिए जरुरी दिशा निर्देश भी दिए।

दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत में भारी बारिश की चेतावनी

नयी दिल्ली, 13 सितंबर (वार्ता) राष्ट्रीय राजधानी और देश के मध्य, उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भागों के कुछ हिस्सों में अगले कुछ दिनों के लिए भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने आज उत्तराखंड में अत्यधिक भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट और उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा में बहुत भारी से भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, मौसम में यह बदलाव एक दबाव से प्रभावित है जो मध्य भारत में विकसित हुआ और उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ गया। आईएमडी ने बताया कि मध्य उत्तर प्रदेश पर बने दबाव के उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने और अगले 12 घंटों के भीतर धीरे-धीरे कमजोर होकर एक स्पष्ट कम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील होने की उम्मीद है।

महिला अधिवक्ता की मौत...जेठ ने बुरी तरह की थी मारपीट, आईसीयू में थीं भर्ती

आगरा, 13 सितंबर (एजेंसी)। थाना जगदीशपुरा के अमरपुरा में दो दिन पहले घर पर हमला बोलकर महिला अधिवक्ता शालिनी राजपूत और उनके पति मनोज राजपूत को घायल कर दिया गया था। दोनों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। बृहस्पतिवार रात को शालिनी की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने बताया कि शालिनी दीवानी में अधिवक्ता थी। उनके जेठ अजय सहित अन्य लोगों ने हमला बोला था। दोनों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मगर, किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

अतीक की 6 करोड़ की दो बेनामी संपत्ति कुर्क

प्रयागराज, 13 सितंबर (एजेंसी)। माफिया अतीक अहमद की छह करोड़ मूल्य की दो बेनामी संपत्तियां शुक्रवार को कुर्क कर दी गईं। नैनी के अरैल में स्थित इन दोनों संपत्तियों को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क करते हुए पुलिस ने जब्तीकरण संबंधी नोटिस बोर्ड भी लगवाया। पुलिस का दावा है कि दोनों ही संपत्तियों को अतीक अहमद ने अपने दो करीबियों के सफाईकर्मी के नाम पर खरीदा था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि दोनों जमीनों का बैनामा तो कम में कराया गया लेकिन वर्तमान में इनका बाजार मूल्य करीब छह करोड़ रुपये है। पुलिस के मुताबिक, अतीक व अशरफ ने नवाबगंज के करौली गांव के निवासी सफाईकर्मी श्याम जी सरोज के नाम पर आठ करोड़ मूल्य की बेनामी संपत्तियां बनाईं। श्याम जी ने खुद पुलिस को यह बयान दिया कि वह अतरसुइया निवासी सगे भाई जावेद व कामरान के घर सफाई का काम करता था। आरोप लगाया कि दोनों अतीक अहमद के करीबी थे।

स्कूल में गुर्राया गुलदार (तेंदुआ) तो शिक्षक-शिक्षिकाएं कमरे में हुए बंद

बिजनौर, 13 सितंबर (एजेंसी)। गुलदार (तेंदुए) अब आबादी की ओर बढ़ रहे हैं। पैजनिया के ग्राम इस्सापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को गुलदार घुस गया। उसकी दहाड़ सुन स्कूल के अध्यापक और अध्यापिकाएं कमरे में घुस गए। गुलदार ने कमरे के दरवाजे पर पंजे मारे। गनीमत रही कि बारिश के कारण छात्र-छात्राओं की आज छुट्टी थी। इस कारण बड़ी घटना होने से टल गई। क्षेत्र के ग्राम इस्सापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को बारिश के कारण केवल अध्यापकों को ही बुलाया गया था। सुबह के समय गुलदार के दहाड़ने की आवाज सुनी तो सभी अध्यापिकाएं भागकर कमरे में घुस गईं और दरवाजा बंद कर लिया। शिक्षकों ने खिड़की से झांककर देखा तो गुलदार दहाड़ते हुए स्कूल परिसर में घूम रहा था। उसे देख अध्यापिकाओं के होश उड़ गए। स्कूल की मुख्य अध्यापिका सीमा राजपूत ने बताया कि गुलदार ने कमरे के दरवाजे को पंजे मारकर खोलने का प्रयास किया। मुख्य अध्यापिका द्वारा गुलदार की सूचना गांव में रहने वाली रसोइया को दी गई। तब ग्रामीण शोर मचाते हुए स्कूल पहुंचे तो गुलदार जंगल की ओर भाग गया।

आंदोलनकारी डॉक्टरों ने राष्ट्रपति मुर्मू व पीएम मोदी को पत्र लिख मांगा न्याय

कोलकाता, 13 सितंबर (एजेंसी)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। डॉक्टरों ने पत्र में आरजी कर मामले में मृत चिकित्सक और अन्य चिकित्सकों को न्याय दिलाने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है। डॉक्टरों ने पत्र में लिखा है कि हम देश के प्रमुख के तौर पर आपके समक्ष मुद्दा रखते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे जो सहयोगी अपराध का शिकार हुए हैं, उनको न्याय मिले। आपके हस्तक्षेप के बाद ही पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के तहत स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर भय और आशंका के बिना जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सक्षम हो सकते हैं।

मोदी की जनसभा से कुछ घंटे पहले आतंकियों से मुठभेड़, 2 जवान बलिदान और दो घायल

किश्तवाड़, 13 सितंबर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डोडा में जनसभा से कुछ घंटे पहले शुक्रवार शाम को किश्तवाड़ में आतंकियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में सेना के दो जवान बलिदान हो गए। जबकि दो घायल हुए हैं। इसके बाद भाग निकले आतंकियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान छेड़ दिया है। हमला स्थल से डोडा में पीएम की जनसभा स्थल की दूरी करीब 20 किमी है। किश्तवाड़ में जहां यह हमला हुआ, उससे करीब 15 किलोमीटर दूर भाजपा की दो रैलियां भी चल रहीं थीं। एक जगह केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और दूसरी जगह राज्यसभा सदस्य गुलाम अली खटाना लोगों को संबोधित कर रहे थे।

यूपी बोर्ड के फार्म अब 20 सितंबर तक भरे जा सकेंगे

प्रयागराज, 13 सितंबर (एजेंसी)। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। अब 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ 20 सितंबर तक चालान जमा करना होगा। उसके बाद 25 सितंबर तक वेबसाइट पर विद्यार्थियों के विवरण अपलोड करने होंगे। प्रधानाचार्यों की मांग पर यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने तिथि बढ़ाई है। इससे यूपी बोर्ड में फॉर्म भरने से वंचित रह गए विद्यार्थियों को राहत मिली है। यूपी बोर्ड परीक्षा के फॉर्म भरने की प्रक्रिया पहली जुलाई से शुरू हो गई थी। पांच अगस्त तक निर्धारित शुल्क के साथ फॉर्म भरे गए थे। उसके बाद 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ 16 अगस्त तक परीक्षा शुल्क जमा कराया गया। उसके 20 अगस्त तक वेबसाइट पर विवरण अपलोड किए गए। इस बीच कुछ विद्यार्थी आवेदन नहीं कर पाए थे।

जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़, सेना ने ढेर किए दो आतंकी

जम्मू, 13 सितंबर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ा स्थित चत्तरु में शुक्रवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो गए। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी की। मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर हुए हैं। हालांकि अभी इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि आतंकियों की संख्या कितनी है। फिलहाल आतंकियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सेना और अर्धसैनिक बलों की मदद से पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया।

अधेड़ व्यक्ति का शव मिला पीएम के लिए भेज दिया

सिखेड़ा, 13 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र में पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के बाइपास पर अधेड़ व्यक्ति का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की सुबह लोगों ने पानीपत- खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के बाइपास पर स्थित किसान राजवीर के गन्ने के खेत में अधेड़ व्यक्ति का शव पड़े देखा। खेत मे शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहां पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने खेत मे मिले शव की पहचान कराने का प्रयास किया। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि शव की पहचान ओमपाल सिंह पुत्र भरतु निवासी अलमासपुर के रूप में हुई है। स्वजन के अनुसार वह बुधवार को घर से लापता हो गया था। नई मंडी थाने में ओमपाल सिंह की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

शेष - दस लोगों सहित ..

पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान, चरण सिंह, बाबू राम, ईश्वर फौजी, प्रेम फौजी, ज्ञानेद्र, देवेंद्र, मेनपाल, कनकू ऊर्फ कनक सिंह सहित 100/150 अज्ञात के नाम शामिल है, जिनका वारंट जारी है, जबकि शुक्रवार को तारीख पर दो आरोपियों ने जमानत याचिका दायर की। वहीं पुलिस से महेन्द्र सिंह टिकैत की अब फिर रिपोर्ट मांगी गई है और सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश करने का फरमान जारी किया है।

मूर्ति विसर्जन के दौरान 10 युवक करंट से झुलसे, पांच गंभीर

मिजार्पुर, 13 सितंबर (एजेंसी)। कछवां थाना क्षेत्र के डीह के पास गंगा नदी के किनारे रेत से अलग गंगाजल में शुक्रवार की रात को गणेश मूर्ति विसर्जन करने जा रहे युवक करंट की चपेट में आ गये। पांच युवकों को कछवां क्रिश्चियन अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य को परिजन उनको लेकर निजी अस्पताल चले गये। बताया गया कि हादसे में 10 लोग झुलसे हैं।

कछवां नगर पंचायत के शंकरपुर वार्ड स्थित हनुमान मंदिर में श्री गणेश समिति की ओर से भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई थी। शनिवार की देर शाम को समिति के लोग मूर्ति विसर्जन करने के लिए निकले थे। मूर्ति को लेकर नगर में भ्रमण करने के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग कछवां डीह गंगा किनारे रेत से अलग बने एक गड्ढे में स्थित गंगा नदी के जल में मूर्ति का विसर्जन करने जा रहे थे। रास्ते में वाइपर से बिजली का तार उठते समय करंट लगने से कई लोग झुलस गए। इसमें पांच लोग श्रेयांश (18), कृष्ण रस्तोगी (18), करेजा गुप्ता (19), आकाश गुप्ता (20), मुन्नू (18) निवासी कछुआ बाजार को उपचार के लिए कछवां क्रिश्चियन कॉलेज में भर्ती कराया गया। अन्य लोगों को परिजन निजी अस्पताल ले गये बताया जा रहा है कि 10 लोग झुलसे है। हादसे के बाद मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग को लाइट काटने के लिए सूचना दिया गया था। इसके बाद भी विसर्जन के समय बिजली नहीं काटी गई। जिससे हादसा हो गया।

सिगरेट उधार न देने पर दुकानदार पर चाकू से हमला, मुकदमा दर्ज

मुजफ्फरनगर, 13 सितम्बर (बु.)। सिविल लाइन क्षेत्र के आनन्दपुरी के रहने वाले अनुज पुत्र सुमित का बताना है कि उसकी आनन्दपुरी में परचून की दुकान है। दोपहर में जब उसकी मां कहीं गई हुई थी, तब वह दुकान पर अकेला बैठा था। इसी दौरान आनन्दपुरी का ही रहने वाला आशु पुत्र गोपाल आया और सिगरेट मांगने लगा। इसी बीच दुकान पर बैठे ऋतिक बिंदल ने आशु को सिगरेट उधार देने से मना कर दिया। इससे क्षुब्ध आरोपी आशु ने ऋतिक बिंदल पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। आरोपी आशु ने ऋतिक पर दो बार चाकू से हमला किया और घायल की आंख भी जख्मी होने के लिए बाल बाल बच गई। हमले के बाद लोग एकत्र हुए तो हमलावर आशु वहां से धमकी देते हुए भाग गया। घायल ऋतिक बिंदल को अस्पताल में उपचार दिलाने के बाद परिजनों ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी और आरोपी आशु के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसकी तलाश के लिए पुलिस टीम को लगा दिया गया है, जल्द ही उसको गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

रामलीला टीले पर खंभे के करंट से कुत्ते की मौत पर हंगामा

बिजली विभाग एमडी की सलाहः बारिश के मौसम में बिजली के खंभों को छूने से बचें

मुजफ्फरनगर, 13 सितंबर (बु.)। बारिश के बीच रामलीला टिल्ला रोड पर एक खंभे में करंट आने से कुत्ते की मौत के बाद मौहल्ला वासियों ने जाम लगाकर हंगामा किया। उनका कहना था कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। इस बीच बारिश की चेतावनी के दृष्टिगत ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने लोगों से विद्युत सुरक्षा के प्रति सावधानी बरतने की अपील की है। कहा कि बरसात में पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बरसात के मौसम में विद्युत सुरक्षा के प्रति नियमों का पालन जरूर करें। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दूहन ने कहा है कि अधिक बारिश होने पर जल भराव के कारण सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत आपूर्ति सामान्य करने में कुछ समय लग सकता है। उपभोक्ता धैर्य बनाए रखे विद्युत आपूर्ति में व्यवधान से संबंधित जानकारी निकटतम बिजली कार्यालय के साथ-साथ विद्युत हेल्पलाइन नंबर 1912 पर दर्ज कराए। विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि बिजली के खंभों को नहीं छुएं, बिजली के खंभों से अपने मवेशियों को ना बांधे, बिजली लाइनों के नीचे कोई भी कार्यक्रम आयोजित ना करें, नए भवनों का निर्माण, बिजली लाइनों से उचित दूरी पर ही कराए, खेत की मेड पर खेत में यदि बिजली खंभा लगा है, तो उचित दूरी रख कर ही जुताई करें, बिजली के खंभे पर यदि स्पार्किंग हो रही हैं तो तुरंत संबंधित फीडर इंचार्ज, अवर अभियन्ता, सब स्टेशन पर सूचना दें। यदि बिजली के तार किसी पेड़ के निकट से गुजर रहे हों तो किसी भी स्थिति में उस पर चढ़ने से बचें, किसी भी बड़े वाहन की छत पर यात्रा न करें, यदि बारिश की वजह से कोई लाइन ढीली पड़ गई हो या सडक के ऊपर से नीची हो तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज, अवर अभियंता या फिर सब स्टेशन पर सूचना दें।

नौकरी लगवाने के नाम पर 18 लाख ठगे मुकदमा दर्ज

सिखेड़ा, 13 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने बेहड़ा आस्सा निवासी व्यक्ति पर बेटे की नौकरी लगवाने के नाम पर 18 लाख रुपए ठगने का आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। बृहस्पतिवार की शाम को क्षेत्र के गांव सिखेड़ा निवासी हरवीर पुत्र रामदास ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि दो वर्ष पूर्व उसके बेटे की नौकरी लगवाने के नाम पर थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा आस्सा निवासी मोनू पुत्र बालू ने उससे 18 लाख रुपए ठग लिए थे। उसने बताया कि उसने ना तो बेटे की नौकरी लगवाई है। और ना ही पैसे वापस मांगने पर पैसे लोटा रहा है। उसने तहरीर में बताया कि पैसे मांगने पर मोनू उसे जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। हरवीर ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पैसे वापस दिलाने और मोनू के खिलाफ कानूनी कार्यवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि हरवीर की ओर से तहरीर आई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

हरिद्वार में गंगा खतरे के निशान पर तो जिले में अलर्ट

मुजफ्फरनगर, 13 सितंबर (बु.)। पहाड़ों पर भारी बारिश के बाद एक ओर सोलानी उफन रही है तो दूसरी ओर गंगा का जल स्तर भी तेजी से बढ़ रहा है । इसके चलते जिले के गंगा व सोलानी के इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। हरिद्वार से गंगा के जल स्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। बिजनौर बैराज पर तैनात अवर अभियंता पीयूष कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह आठ बजे बिजनौर बैराज से गंगा का जलस्तर 73 हजार क्यूसेक पर पहुंच गया। वहीं हरिद्वार से बढ़कर एक लाख 28 हजार क्यूसेक चल रहा है जो शाम तक बिजनौर बैराज पर पहुंचने के बाद अतिरिक्त पानी छोड़े जाने की सूचना है। हरिद्वार में भी गंगा का जलस्तर भी चेतावनी निशान के करीब पहुंच गया। गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान 293 मीटर के नजदीक 292.65 मीटर पर आ गया है। इससे गंगा के निचले इलाकों में अलर्ट कर दिया गया है।

नदी में डूबने से आठ लोगों की मौत; सभी के शव किए गए बरामद

गांधीनगर, 13 सितंबर (एजेंसी)। शुक्रवार शाम मेश्वो नदी में नहाने के दौरान आठ लोगों की डूबकर मौत हो गई। मामले में उप संभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) बीबी मोडिया ने बताया कि डूबने से मरने वाले लोग देहगाम तालुका के वसना सोगती गांव के रहने वाले थे। वहीं तलाश एवं बचाव अभियान की निगरानी करने वाले मोडिया ने बताया कि ग्रामीणों का एक समूह गणेश प्रतिमा विसर्जित करने नदी के समीप आया था। उन लोगों को डूबने की घटना के बारे में पता चला और उन्होंने इस बारे में अधिकारियों को सूचित किया। एसडीएम ने कहा, एक संदेश मिलने के बाद, पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। हमने नदी से आठ शव निकाले हैं। एक व्यक्ति, जिसे लापता माना जा रहा था, उसे गांव में पाया गया। इसलिए, बचाव अभियान को अब बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा, मृतक स्थानीय लोग थे जो नदी में नहाने आये थे। थोड़ी दूरी पर एक निमार्णाधीन चेक डैम होने के कारण हाल ही में नदी का जल स्तर बढ़ गया था।

यूपी में लेखपाल सहित इन विभागों में होंगी बंपर भर्ती

लखनऊ, 13 सितंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के साथ-साथ लिपिकीय संवर्ग के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए तत्काल प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक जैसे पदों के लिए जहां पदोन्नति लंबित है, वहां तत्काल प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने कहा है कि राजस्व विभाग सीधे तौर पर आम आदमी से जुड़ा हुआ है। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से लेकर पैमाइश, नामांकन, घरौनी, खतौनी, सर्वे, पट्टा सहित ढेरों महत्वपूर्ण प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो सके, इसके लिए न केवल विभाग के रिक्त पदों पर नई नियुक्ति की आवश्यकता है, बल्कि आवश्यकतानुसार नवीन पदों का सृजन किया जाए। यही नहीं, उन्होंने राजस्व परिषद के अंतर्गत बन्दोबस्त आयुक्त (ग्रामीण) बन्दोबस्त आयुक्त (नगरीय) तथा निदेशक प्रशिक्षण का नवीन पद सृजित करने की भी जरूरत बताई। शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में राजस्व विभाग के कामकाज और उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग और राजस्व परिषद में काम के बदलते स्वरूप और अधिकता को देखते हुए दक्ष युवाओं की तैनाती की जानी चाहिए। नवीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए तहसील, जिला, मंडल और राजस्व परिषद में आई.टी. में दक्ष लोगों की तैनाती की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के कार्यों में राजस्व विभाग के कार्मिकों को प्रायः फील्ड विजिट करना पड़ता है। ऐसे में यह उचित होगा कि लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को वाहन भत्ता दिया जाना चाहिए। इसी तरह नायब तहसीलदार की कार्यक्षमता में बढ़ोतरी के लिए उन्हें चार पहिया वाहन की उपलब्धता कराई जाए। साथ ही, जीपीएस से संबंधित कार्यों के बेहतर संपादन के लिए लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को नए टैबलेट भी उपलब्ध कराए जाएं।

दोनों ट्रकों के बीच में पिसकर बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत

मेरठ, 13 सितंबर (एजेंसी)। कंकरखेड़ा में नेशनल हाईवे 58 पर शुक्रवार शाम हाइड्रा व ट्रक के बीच में बाइक फंस गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्री की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। हाईवे स्थित जिटोली गांव निवासी 47 वर्षीय विजय सफाई कर्मचारी था। वर्तमान में बिजनौर की जिला पंचायत में तैनात था। विजय के दो बेटी और एक बेटा है। विजय की बेटी 18 वर्षीय पायल सुभारती विश्वविद्यालय में बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्रा थी। शुक्रवार को विजय अपनी बेटी पायल को सुभारती से लेकर वापस घर आ रहा था। शोभापुर गांव के सामने आगे चल रहे एक हाइड्रा ने ब्रेक लगा दिए। वहीं पीछे से आए ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार पिता पुत्री आगे जा रहे हाइड्रा से जा टकराए। दोनों के बीच में फंसने से पिता पुत्री की दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस को देख नामजद आरोपी छत से कूदा

बुढ़ाना, 13 सितम्बर (बु.)। जनपद शामली की एक महिला के साथ प्लॉट के नाम पर लाखों रुपये का फ्राड करने वाले एक भाजपा नेता को जब आज देर शाम बुढ़ाना पुलिस पकड़ने गयी, तो वह पुलिस को दूर से आता देख छत से कूद गया, जिसमें उसके कुल्हे की हड्डी टूट गयी। अस्पताल में इस बात को लेकर काफी हंगामा हुआ। पुलिस ने घायल भाजपा नेता को अपनी कस्टडी में ले लिया। उधर डॉक्टरों ने घायल भाजपा नेता को जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार विगत माह जनपद शामली की एक संभ्रांत परिवार की महिला ने प्लाट के नाम पर कई लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी भाजपा नेता आशीष जैन निवासी बुढ़ाना के खिलाफ बुढ़ाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी थी, जिसमें मामला प्रथम दृष्टया से सही पाया गया था। पुलिस आरोपी की तलाश में कई दिनों से लगी थी। आज बुढ़ाना पुलिस को किसी मुखबिर से पता लगा कि आरोपी अपने घर पर आया हुआ है, तो कुछ पुलिसकर्मी आरोपी के आवास पर पहुंचे, तो आरोपी ने पुलिस को दूर से देख लिया और घर के अंदर चला गया, तब पुलिस भी आरोपी के घर पहुंच गयी और गेट पर ही आरोपी के परिजनों से आरोपी के बारे मे मालूम किया, तो बताया गया कि वह बाहर गया हुआ है, जब आएगा बता दिया जायेगा, तब पुलिस बाहर निकल गयी, तो आरोपी ने छत पर पुलिस को देख यह सोचा कि शायद पुलिस ने उसे देख लिया है तो वह पकड़े जाने के डर की वजह से छत से कूद गया। इस दौरान मौहल्ले के काफी लोग इकट्ठे हो गये, तब पुलिस ने आरोपी को अपनी कस्टडी में लेते हुए सीएचसी भर्ती कराया, तो चिकित्सकों ने आरोपी को जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। इस मामले में घायल नेता के परिजनों और भाजपा नेताओ ने सीएचसी बुढाना में जमकर हंगामा काटा और पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए। इस मामले में पुलिस का कहना है वे आरोपी को पकड़ने गये थे। पुलिस वापस लौट रही थी कि आरोपी खुद छत से कूद गया।

शेष - ओलम्पिक पदक विजेता जिले की बेटी...

दिल्ली से यूपी गेट गाजियाबाद पहुंचने के बाद यहां से एक लम्बे जुलूस के साथ मुजफ्फरनगर की ओर आगे बढ़ी तो भंगेला चेक पोस्ट पर पाल समाज के सैंकड़ों लोगों व खेल प्रेमियों ने प्रीति पाल का स्वागत करते हुए समाज की ओर से पगडी पहनाई और जगह जगह उन पर फूलों की बारिश की गई। दोपहर बाद बारिश के बीच प्रीति पाल मुजफ्फरनगर शहर में शिव चौक पहुंची और यहां स्वागत के बाद गाड़ी से उतरकर उन्होंने अपने परिजनों और मित्रों के साथ